डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

18 अक्टूबर 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

30 अधिकतम

22 न्यूनतम



Page- 7

## मप्र में उप चुनाव के लिए नामांकन का दौर शुरू, दोनों दलों के उम्मीदवार तय नहीं

# बुधनी पर भाजपा में उत्सुकताएं बढ़ीं विजयपुर में कांग्रेस का असमंजस

**भोपाल दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में आज से दो महत्वपूर्ण विधानसभा उपचुनाव के लिये नामाकंन का सिलसिला शुरू हो गया है। विजयपुर और बुधनी विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान तीन दिन पहले ही किया गया था। हालांकि भाजपा के बुधनी और कांग्रेस के दोनों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर असमंजस है। दोनों ही सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान दोनों ने नहीं किया है। भाजपा विजयपुर में तो रामनिवास रावत पर दांव लगाने के लिए तैयार बैठी है लेकिन बुधनी को लेकर पेंच फंसा है। बुधनी के लिये चार नाम तेजी से उभरे हैं और मप्र भाजपा अपने पैनल को दिल्ली भेजकर इनमें से किसी एक की प्रतीक्षा कर रही है। इस पैनल में पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय का नाम होने से राजनीतिक उत्सकुताएं भी हैं। यहां से पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव व राजेंद्र सिंह का नाम भी है। जानकार मानते हैं कि बुधनी शिवराज का इलाका होने के चलते हाइकमान उनकी सहमति से ही फैसला करेगा, लेकिन भाजपा की उम्मीदवार चयन की रीतिनीति के चलते कार्तिकेय के नाम पर उत्सकुताए हैं। इस बीच खबरें हैं कि कल शाम ही शिवराज ने अपने दोनों बेटों संग दिल्ली में पीएम से मुलकात भी की है।

उधर विजयपुर विधानसभा सीट कांग्रेस की मजबूत सीटों में गिनी जाती रही है। लेकिन रामनिवास रावत के दलबदल के बाद कांग्रेस को यहां नए सिरे से तैयारियां करने की चुनौती है। रावत पिछले सात चुनावों से यहां लगातार कांग्रेस के प्रत्याशी रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस यहां किसी आदिवासी या फिर ओबीसी चेहरे पर दांव लगाने के असमंजस में है। विजयपुर में कांग्रेस से कई नेताओं ने दावेदारी की है इनमें आदिवासी नेता छोटेलाल सेंमरिया, आदिवासी नेता मुकेश मल्होत्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष रमेश आदिवासी, के अलावा संबलगढ़ के पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाहा का नाम भी चर्चा में है। हालांकि मल्होत्रा का नाम ज्यादा मजबूत माना जा रहा है। दूसरी तरफ बुधनी में कांग्रेस के पास मजबूत उम्मीदवार नहीं है। इस पर कांग्रेस हाइकमान मप्र के नेताओं से रायशुमारी के बाद फैसला करेगा। अलबत्ता भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने प्रचार की शुरुआत कर दी है। विजयपुर और बुधनी सीट पर 13 नवंबर को मतदान होना है, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।







इधर आज दोनों उपचुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। इसके साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर तक दोनों क्षेत्रों में इच्छुक उम्मीदवार अपने नाम-निर्देशन पत्र भर सकेंगे। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को होगी। नाम-निर्देशन पत्र 30 अक्टूबर तक वापस लिये जा सकेंगे।

### एमपी पवेलियन में सीएम यादव

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज बाम्बे एग्जिबिशन सेंटर में सम्मेलन के सत्र को संबोधित करने पहुंचे हैं। मुंबई में इंडिया केम आयोजन के तहत मध्यप्रदेश में उद्योगों के विस्तार और निवेश बढ़ाने के प्रयासों का ब्यौरा भी प्रदर्शित किया जा रहा है। इस सम्मेलन की थीम ÷एडवांटेज भारत ¬इंडियन केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स पेविंग द फ्यूचर÷ है। इसमें केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री जगतप्रकाश नड्डा सहित केन्द्र सरकार और अनेक राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री यादव मध्यप्रदेश में केमिकल और पेट्रो केमिकल क्षेत्र में बीना स्थित भारत पेट्रोलियम पेट्रो केमिकल परियोजना सहित देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रदेश में किए जा रहे उत्पादन और गेल इंडिया की वृहद पेट्रो केमिकल परियोजना सहित इस क्षेत्र में मजबूत की जा रही अधोसंरचना से संबंधित विवरण दे रहे हैं। वे शाम को भोपाल लौटेंगे और यहां खनिज कान्क्लेव के समापन सत्र में शामिल होंगे।

### पेट्रोल से जलाई पीडिता ने दम तोडा, कांग्रेस हमलावर

खंडवा में बीती 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन पेट्रोल डालकर जलाई गई छेड़छाड़ पीड़िता ने देर रात इन्दौर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार व प्रशासन पर कई सवाल उठाना शुरू कर दिये हैं। पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा है कि खंडवा की बेटी की मौत ने एक बार फिर दिखाया है कि मध्य प्रदेश में क़ानून व्यवस्था भी दम तोड़ चुकी है। बेटियाँ हर जगह



असुरक्षित हैं और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। मैं इस पीड़ित बेटी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता हूँ। मप्र कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस मामले को लेकर सरकार पर निशाने साधे हैं। खंडवा में छेड़छाड़ और पेट्रोल डालकर आग लगाने के कारण घायल हुई युवती की गुरुवार को एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था।

## सलमान खान को फिर लारेंस गैंग की धमकी

**मुंबई, एजेंसी।**



एनसीपी नेता व पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से सलमान खान की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। बॉलीवुड के सुपरस्टार बिश्नोई गैंग के निशाने पर अभी भी हैं। फिर सलमान को धमकी मिली है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर सलमान खान से 5 करोड़ रुपये की मांग की गई है। मैसेज भेजने वाले ने कहा है कि इस मैसेज को हल्के में ना लिया जाए। सलमान को जिंदा रहने के लिए लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करनी होगी। वह ऐसा करना चाहता है तो 5 करोड़ रुपये देने पड़ेंगे। उसने ऐसा नहीं किया तो उसकी हालत बाबा सिद्दीकी से भी ज्यादा खराब होगी।

अब मामले की जांच मुंबई पुलिस की तरफ से की जा रही है। वहीं बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से सलमान की सुरक्षा को लेकर परिवार बहुत ज्यादा परेशान है। उनको धमकियां पहले ही मिल रही थीं, उनकी सुरक्षा को बढ़ाकर कर दिया है।

## शेयरों के तेवर ठंडे, सेंसेक्स धड़ाम

**मुंबई, एजेंसी।**



विदेशी फंडों की लगातार निकासी और इंफोसिस के शेयरों में बिकवाली के बीच आाज कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट रही। इंफोसिस की दूसरी तिमाही की आय निवेशकों को खुश करने में विफल रहने के बाद शेयरों में बिकवाली दिखी। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 570.45 अंक गिरकर 80,436.16 पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 178.3 अंक गिरकर 24,571.55 पर आ गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में टाइटन, इंफोसिस, मारुति, नेस्ले, आईटीसी, अदाणी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा पिछड़े हैं।

## दिल्ली में 'काले बादल' आपात बैठक बुलाई

**एंटी डस्ट कैंपेन शुरू**



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राजधानी में प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार एक्शन मोड में आ गई है। सभी 13 हॉटस्पॉट में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज दिल्ली सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई है। उधर, आनंद विहार में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए मंत्री ने प्रदूषण से प्रभावित 13 क्षेत्रों में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। राय ने कहा कि प्रदूषण समस्या से निपटने के लिए 21 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। विंटर एक्शन प्लान के तहत विभागों ने अपना काम शुरू कर दिया है। प्रदूषण की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दिल्ली में वार रूम ने काम करना शुरू कर दिया है।

### पंजाब से आने वाले जहरीले पानी को लेकर श्रीगंगानगर में नाराजगी

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिलों सहित पश्चिमी राजस्थान के 10 जिलों में पंजाब से आने वाले जहरीले पानी की रोकथाम लगाने की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों ने नौ नवम्बर को श्रीगंगानगर जिला बंद करने घोषणा की है। पंजाबी फिल्म निर्देशक अमितोज मान एवं सामाजिक कार्यकर्ता लखा सिधाना ने तीन दिसम्बर को पंजाब पहुंचने का आह्वान किया।

### गिरिराज की हिंदु स्वाभिमान यात्रा से सियासी उबाल



**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा आज से शुरू हो गई है। पहले चरण में यह यात्रा सीमांचल में भागलपुर से शुरू होकर कटिहार, पूर्णिया, अररिया और 22 अक्टूबर को किशनगंज पहुंचकर खत्म होगी। हिंदू जनजागरण और एकजुटता का लक्ष्य लेकर सीमांचल के इलाके में गिरिराज की यात्रा को लेकर सियासी उबाल पैदा हो गया है। यात्रा शुरू करने से पहले गिरिराज ने भागलपुर के बाबा बूढ़ानाथ मंदिर में पूजा की।

## बिहार: जहरीली शराब से तीन जिलों में 53 लोगों की मौत



**सारण, एजेंसी।**

बिहार के 16 जिलों मे जहरीली शराब का कहर बरपा है। सारण, सीवान और गोपालगंज में जहरीली शराब का कहर ज्यादा है। अब तक तीनों जिले मिलाकर 53 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें सीवान में 39, सारण में 12 और गोपालगंज में दो लोगों की मौत हो चुकी है। 20 से अधिक लोग बीमार हैं। कल 30 लोग अस्पताल में ठीक हो गए थे। उन्हें घर भेज दिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मामले के जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने तस्करों पर कड़ी कार्रवाई का भी निर्देश दिया है। इसके बाद बिहार पुलिस के वरीय अधिकारी सीवान और सारण में कैंप कर रहे हैं। इधर, सीवान में एसआईटी ने अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी लोग शराब तस्करी के आरोपी हैं।

### 30 हजार करोड का अवैध कारोबार

बिहार में शराबबंदी पर इस कांड के बाद फिर सियासी बयानबाजी हो रही है। तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा और ङ्ग पर लिखा कि शराबबंदी नीतीश सरकार के भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है। सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति और अधिकारियों पर निर्भरता के कारण शराबबंदी पूरी तरह लागू नहीं हो पाई व सुपरफ्लाप हो गई है। उन्होंने कहा कि नेताओं, पुलिस और शराब माफिया के गठजोड़ से बिहार में 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। तेजस्वी ने लिखा कि शराबबंदी नीतीश कुमार के संस्थागत भ्रष्टाचार का एक छोटा सा नमूना है।

## महाराष्ट्र सीएम के बेटे ने तोड़े महाकाल मंदिर के नियम

**पत्नी समेत चार लोगों को गर्भगृह में ले गए, हंमागा**

**उज्जैन, एजेंसी।**



महाकाल मंदिर में गर्भगृह में प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद फिर से वीआईपी को प्रवेश दिया गया। इस बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पुत्र सांसद श्रीकांत शिंदे, उनकी पत्नी व दो अन्य लोगों ने गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा अर्चना की। गर्भगृह में चारों ने 6 मिनट तक पूजा अर्चना की। मामला देर शाम का है। अब इसका वीडियो भी सामने आने से हंगामा मच गया है।

उल्लेखनीय है कि गर्भगृह में बीते एक वर्ष से किसी भी श्रद्धालु के प्रवेश पर रोक लगी हुई है। सिर्फ पुजारियों को ही अनुमति है। बावजूद कई वीआईपी बार-बार नियमों को तोड़ रहे हैं। कल भी शिंदे के मामले में गर्भगृह में प्रवेश के दौरान सुरक्षा प्रभारी जयंत राठौर व गर्भगृह निरीक्षक भी साथ थे। तराना विधायक महेश परमार ने वीआइपी के गर्भगृह में प्रवेश पर आपत्ति जताई है। कलेक्टर और महाकाल मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष का कहना है कि किसी को भी गर्भगृह में जाने की अनुमति नहीं दी है। प्रशासक गणेश धाकड़ का कहना है कि गर्भगृह निरीक्षक और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

### बंधकों की खोज जारी

## इजरायल का बदला पूरा, हमास के नए चीफ सिनवार को भी मारा

**यरूशलम, एजेंसी।**



हमास के साथ पिछले एक साल से जारी जंग में अब इजरायल को बड़ी कामयाबी मिल गई है। इजरायली डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उसने हमास के नए चीफ याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार को 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमास के भयानक हमलों का कर्ताधर्ता माना जाता है। इस हमले में 1200 से ज्यादा इजरायली नागरिक मारे गए थे तभी से इजरायल बौखलाया हुआ था। यह हमास नेता इजरायली आर्मी की मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में था। यहां तक कि उसे डेड मैन वॉकिंग कहा जा रहा था। अब बदला पूरा होने के बाद इजरायल के पास आखिरी काम है, अपने बंधकों को छुड़ाना।

इधर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा हमारा युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ है। वहीं इज़रायली सुरक्षा एजेंसी शिन बेत के पूछताछ विभाग के पूर्व प्रमुख माइकल कोउबी ने सिनवार को क्रूर शख्स करार देते हुए कहा कि वह एक हत्यारा आदमी था जिसे मैं कभी माफ नहीं कर सकता। पूछताछ के दौरान सिनवार के साथ 180 घंटे बिताने वाले माइकल कोउबी ने कहा, मैं याह्या सिनवार के बारे में इतना कह सकता हूं कि मैं अभी तक जिन लोगों के मिला हूं उनमें से वह सबसे क्रूर व्यक्ति था। उसने गाजा पट्टी में कम से कम 12 लोगों को इसलिए मार डाला क्योंकि उसे संदेह था कि वे इजरायली खुफिया एजेंसियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। उसने कसाई द्वारा उपयोग किए जाने वाली धारदार छुरी से मारा। यही कारण है कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों ने उसे खान यूनिस का कसाई कहा।

### ड्रोन पर डंडा फेंका

हमास लीडर याह्या सिनवार आखिरी दम तक इजरायली फौजियों से लड़ता रहा। जिसका वीडियो सामने आ गया है। गाजा में सिनवार और उसके साथियों के साथ इजरायली सैनिकों की मुठभेड़ हुई फिर वह निहत्था व घायल हालत में भागकर सिनवार एक टूटी-फूटी इमारत में जाकर छिप गया, तो ड्रोन भेजकर उसकी तलाश कराई गई। वहां घायल हालत में उसने ड्रोन पर डंडा फेंका।

### क्या सिनवार या हमास का कोई विकल्प

सिनवार का काम बाहरी दुनिया से संवाद और फंडिंग जुटाने का भी था। वह हर उस शख्स का गला काट देता था, जो इसे इजरायल के पक्ष में लगता था।

## शुरुआती झटकों के बाद न्यूजीलैंड संभली, रचिन का शतक



**बेंगलुरू।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट बेंगलुरु में कई रोमांचक मोड ले रहा है। आज तीसरे दिन दोपहर तक न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 345 रन बना लिये हैं। टिम साउदी और रचिन रवींद्र नाबाद डटे हैं। रवींद्र अपना शतक भी पूरा कर चुके हैं। न्यूजीलैंड टीम हालांकि 7 विकेट खो चुकी है, सुबह भी तीन तेजी से विकेट गिरे हैं। इससे पहले भारतीय टीम अपनी पहली पारी में महज 46 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। यह भारत का अपना तीसरा सबसे न्यूनतम स्कोर है। हालांकि न्यूजीलैंड की टीम अब तक भारतीय जमीन पर कोई भी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है



परछाईयां..... शाहजहांनाबाद रोड पर जगमगाते तालाब के पानी में आसपास की बस्ती व पीछे प्रकाश से जगमगाती ताजुल मस्जिद का दृश्य।



## अभिनेत्री हेमा मालनी के जन्म दिन पर गाने गाए

**हिरदाराम नगर।** फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी का 76 वां जन्म दिन उनके फैंस ने संतनगर में मनाया। केक काटा और उन पर फिल्माए गए गाने गाए। कार्यक्रम में लेखक अशोक मनवानी, सिंधी महिला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मनवानी ने हेमा मालनी की आत्मकथा की जानकारी दी। दरयानी ने कहा कलाकार फैंस के दिलों में रहता है, इस तरह के कार्यक्रम कलाकार के प्रति लगाव को व्यक्त करने वाले होते हैं।

### पेट व बड़ी आंत से चिपका था

# एम्स में महिला के ट्यूमर को जटिल सर्जरी के बाद निकाला गया



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में डॉक्टरों की टीम ने छह घंटे तक चली सर्जरी के बाद जटिल स्थिति में पहुंचे ट्यूमर को बाहर निकालने में सफलता पाई है। यह ट्यूमर 14.5 गुणा 15 सेमी आकार का था। प्रोफेसर डॉ. मनीष स्वर्णकार के नेतृत्व में डॉ. मूरत सिंह यादव और डॉ. सूर्या जैन की टीम द्वारा यह सर्जरी की गई।

बताया जाता है कि एक 45 वर्षीय महिला लंबे समय से पेट के भीतर उभरे ट्यूमर से परेशान थी। उसने ट्यूमर की अनेक अस्पतालों में सर्जरी कराई, लेकिन ट्यूमर फिर से उभर आया और बड़ा हो गया, जिससे इसे हटाना और भी कठिन हो गया। ट्यूमर पेट, बड़ी आंत और बाईं रीनल वेन जैसे महत्वपूर्ण अंगों से चिपका हुआ था, जिससे सर्जरी के दौरान इन अंगों को नुकसान पहुंचाए बिना इसे निकालने की आवश्यकता थी। डॉ. मनीष स्वर्णकार ने बताया कि इस जटिल सर्जरी में अग्नाशय के हिस्से और तिल्ली को निकाला जाता है।

यह एक साधारण मामला नहीं था। ट्यूमर का बड़ा आकार और इसके आस-पास के अंगों से जुड़ा होना इसे अत्यधिक जटिल बना रहा था। हालांकि एम्स में हमारी टीम के प्रयासों और उन्नत तकनीक की मदद से हमने इन चुनौतियों को पार कर लिया। सर्जरी के बाद महिला मरीज की स्थिति स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है।

**ऐसे की सर्जरी**

डॉ. स्वर्णकार ने बताया कि इस सर्जरी में ट्यूमर को आसपास के अंगों से सावधानीपूर्वक अलग किया गया, ताकि ऊतकों को न्यूनतम क्षति हो। ट्यूमर को पूरी तरह से हटाने के लिए डिस्टल पैंक्रियाटेक्टोमी और स्प्लेनेक्टोमी करना आवश्यक था, ताकि भविष्य में ट्यूमर की पुनरावृत्ति और जटिलताओं से बचा जा सके। ऐसे दुर्लभ ट्यूमर सॉलिड स्यूडोपैपिलरी के रूप में भी जाने जाते है।

# राजधानी के अयोध्या बायपास इलाके में फैला सीवेज का गंदा पानी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**





अभिनव होम्स फेस 3 अयोध्या बायपास रोड इलाके में नाली में बारिश के साथ ही बिल्डिंग से निकलने वाला सीवेज का गंदा पानी जमा हो रहा है जिसके कारण कॉलोनी के लगभग ढाई हजार लोग परेशान हो रहे । कॉलोनी में संक्रामक बीमारियां फैल रही है। डेंगू के बढ़ते केसो के कारण रहवासी में खासी दहशत फैली हुई है स्थानीय राहिवासी का कहना है कि सीवेज का गंदा पानी के कारण पूरे कॉलोनी में मच्छरों की भरमार है ।

इसके चलते बच्चों की बीमारी के डर से खेलने भी नहीं जाने दिया जा रहा है। रहवासियों की शिकायत है कि कई बार नगर निगम के स्थानीय अफसर को इसके बारे में फोन कर समस्या से अवगत कराया एवम महापौर हेल्प लाइन में भी शिकायत दर्ज की गई,लेकिन कार्रवाई करना तो छोड़िए कोई देखने तक नहीं आ रहे है।



राजधानी के न्यू मार्केट बंजार में करवा चौथ की पूजन सामग्री की खरीदी।

**नई नियुक्तियां जल्द करेंगे माधु**

# फैसला बोर्ड पहले से भंग है : सिंधी पंचायत

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें राज मनवानी द्वारा फैसला बोर्ड के संयोजक पद से इस्तीफा जो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था, उसे लेकर साफ किया गया कि पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी के निधन के बाद उनके द्वारा गठित फैसला बोर्ड, सलाहकार मण्डल व कार्यकारिणी भंग हो गई थी। नये अध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात् व पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर नये फैसला बोर्ड सलाहकार मण्डल व कार्यकारिणी का गठन करेंगे। यह जानकारी होने के पश्चात भी इस्तीफा दिया है। बैठक में पंचायत उपाध्यक्ष नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, जेठानंद मंगतानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी आदि उपस्थित थे।

**अध्यक्ष बनने पर माधु को दिया साईंजी ने आशीर्वाद**

वन ट्री हिल स्थित टेंपल ऑफ़ संबोधि में वेदांत संत लालसाईंजी ने पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी का सपत्नीक शाल श्रीफल से सम्मान किया। सत्य मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा का आशीर्वाद दिया। भाजपा नेता महेश खटवानी को भी जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर नंद दादलानी, दिनेश वाधवानी, लक्ष्मण नाथानी, भारती चांदवानी आदि उपस्थित थे।

# वाल्मीकि जयंती : प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान

**गुरूनानक मंडल ने वरिष्ठजनों का भी किया सम्मान**

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर आज वाल्मीकि वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राजकुमारी डागोर एवं संदीप कल्याणे द्वारा समाज के प्रतिभावान 51 छात्र छात्राओ का सम्मान भगवान श्री राम जी एवं वाल्मीकि जी का चित्र एवं मेडल उपहार स्वरूप भेंट कर एंवन समाज के 21 वरिष्ठजनों समाजसेवियों का सम्मान शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस अवसर पर गुरुनानक मण्डल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा वाल्मीकि ने अपनी रचना रामायण से हमें जीवन के मूल्यों और नैतिकता की शिक्षा दी।

उनकी रचना ने हमें यह सिखाया कि जीवन में सच्चाई, न्याय, और धर्म का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर संदीप कल्याणे एवं राजकुमारी डागोर ने बतायाआज के इस समारोह में, हम प्रतिभा सम्मान के माध्यम से हमारे समाज की प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं एंवम समाज के समाजसेवीयो को सम्मानित कर रहे हैं।यह सम्मान उनकी मेहनत, लगन, और प्रतिभा का प्रतीक है। कार्यक्रम में महेश मकवाना, विनोद चौरसिया, भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा, सुनिल सराठे,सुकांति ठकुरिया, मुकेश सोलंकी, दीपचंद तिवारी, महेश मालवीय, चंदू यादव, प्रभात मालवीय, शैलेन्द्र सियोंते उपस्थित रहे।



## रवींद्र भवन में श्रीरामलीला उत्सव का शुभारंभ आज

**भोपाल।** शहर में कलात्मक, सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल, धार्मिक आदि गतिविधियों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है। शुक्रवार 18 अक्टूबर को भी शहर में ऐसी अनेक गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है, जिनका आप आनंद उठा सकते हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही चुनींदा कार्यक्रमों की जानकारी पेश कर रहे हैं, जिसे पढ़कर आपको अपनी दिन की कार्ययोजना बनाने में आसानी होगी।

**कला समूह प्रदर्शनी** – रंगायन द आर्ट गैलरी बावड़ियाकलां में विशेष कला समूह प्रदर्शनी आग्रह का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी को सुबह 11 बजे से देखा जा सकता है।

**माह का प्रादर्श** – इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श श्रंखला के तहत माह के प्रादर्श के रूप में आंध्र प्रदेश के लोक-वाद्य यंत्र अवुजम का प्रदर्शन किया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर** | टेम्पल ऑफ संबोधि में शरद पूर्णिमा पर भजन और सत्संग

# सफलता की ओर ले जाते हैं कर्मयोगी के संदेश : लालसाई

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

शरद पूर्णिमा पर्व बुधवार रात संतनगर के दरबारों, मंदिरों में मनाया गया। खीर पर चन्द्रमा की किरणों की वर्षा कर प्रसाद बांटा गया। भजन, कीर्तन, सत्संग एवं विशेष पूजा अर्चना की गई। वन ट्री हिल्स स्थित टेम्पल ऑफ संबोधि में शरद पूर्णिमा धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाई गई। वेदांत विचारक लाल साईंजी ने श्रीकृष्ण के दिव्य संदेश को श्रद्धालुओं तक पहुंचाया। साईंजी ने कहा कि श्रीकृष्ण ने कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग के माध्यम से जीवन को सही मार्ग पर जाने की प्रेरणा दी है।

श्रीकृष्ण का यह संदेश, कर्म करते रहो, फल की चिंता मत करो, जीवन के हर क्षेत्र में अपनाया जा सकता है और यह हमें सच्ची सफलता और शांति की ओर ले जाता है। शरद पूर्णिमा के दिन को भी श्रीकृष्ण से जोड़ते हुए कहा कि इस दिन श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचाया था, जो प्रेम, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि चंद्रमा की किरणों से स्वास्थ्यवर्धक और शीतल ऊर्जा प्राप्त होती है, जिसे अमृततुल्य माना गया है।



**चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया**

रात्रि के समय चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया गया और विशेष रूप से तैयार की गई खीर को चंद्रमा की किरणों में रखकर प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। भक्तों ने रातभर जागरण किया और भजन-कीर्तन में भाग लेकर अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। मंदिर परिसर को सुंदर रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जिससे वातावरण और भी पवित्र और दिव्य लग रहा था। महाआरती के बाद खीर का वितरण किया गया।

# माता मंदिर में पूर्णिमा पर जागरण, खीर वितरण

**दुर्गा समितियों को दिए प्रशंसा पत्र**



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर में शरद पूर्णिमा पर मां भगवती जागरण और खीर वितरण किया गया। साथ ही नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित करने वाली समितियों को प्रशंसा पत्र दिए गए। कार्यक्रम में विधि विधान से गुफा मंदिर के महामंडलेश्वर रामप्रवेश दास जी के सानिध्य में प्रतिनिधि 11 ब्राह्मण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके मां भगवती का जागरण का हुआ। बालाजी बालकृष्ण भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी।

विराट मानव सेवा संस्थान अध्यक्ष रोहन रामू केवट, शिवसेना उत्सव समिति अध्यक्ष महेश आहूजा, संत युवा एकता समिति अध्यक्ष राकेश राजपूत, शहीद भगत सिंह मंच अध्यक्ष मनोज राय संतोष खटीक, श्री सिंधु युवा समिति अध्यक्ष राजबाला चांदनी को सम्मान पत्र दिए।



### आंचलिक विज्ञान केंद्र में हुआ सुपरमून अवलोकन कार्यक्रम

# स्कूली विद्यार्थी ने लिया दुर्लभ खगोलीय घटना का आनंद

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

आंचलिक विज्ञान केंद्र में आयोजित सुपरमून अवलोकन कार्यक्रम में गुरूवार को स्कूली बच्चों ने भाग लिया और इस दुर्लभ खगोलीय घटना का आनंद लिया। सुपरमून तब होता है जब चंद्रमा पृथ्वी के सबसे नजदीक होता है, जिससे यह सामान्य से अधिक बड़ा और चमकदार दिखाई देता है। लगभग 160 से अधिक लोगों ने जिसमें अधिकतर स्कूली बच्चों ने एडवांस्ड कंप्यूटराइज्ड टेलीस्कोप का उपयोग करके चंद्रमा की सतह का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने चंद्रमा पर मौजूद गड्ढों, पहाड़ों और अन्य भूगोलिक विशेषताओं को देखा और उनके बारे में विज्ञान केंद्र के क्यूरेटर से कई प्रश्न भी पूछे। जिसमें से एक प्रश्न हमारे ब्रह्मांड में क्या जीवन पृथ्वी के अलावा कहीं ओर है , जुपिटर गृह के सतह पर गोल चक्र क्या है इत्यादि शामिल थे। विज्ञान केंद्र की टीम ने बच्चों को चंद्रमा के बारे में रोचक तथ्य बताए।



### एडवांस्ड कंप्यूटराइज्ड टेलीस्कोप लगाए

आंचलिक विज्ञान केंद्र के परियोजना समन्वयक साकेत सिंह कौरव ने कहा, हम विद्यार्थियों को विज्ञान और खगोल विज्ञान के बारे में उत्साहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते हैं। सुपरमून जैसी खगोलीय घटनाएं बच्चों में वैज्ञानिक जिज्ञासा जगाती हैं और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में रुचि लेने के लिए प्रेरित करती हैं। इस कार्यक्रम हेतु आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा एडवांस्ड कंप्यूटराइज्ड टेलीस्कोप लगाए गए थे जिसका उपयोग कर दर्शकों ने इस अद्भुत खगोलीय घटना को अनुभव करने का अवसर प्राप्त किया। स्कूली बच्चों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने का मौका मिला। उन्हें चंद्रमा के बारे में नई जानकारी प्राप्त हुई और जिसके फलस्वरूप उनकी विज्ञान के प्रति और अधिक रुचि दिखाई दी।

### पटवारी ने कहा- सरकार के सभी दावे गलत

# खाद बीज नहीं दे पा रही सरकार कांग्रेस अब निकालेगी खेत यात्रा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र कांग्रेस ने सरकार पर किसान विरोधी होने के आरोप फिर मढे हैं। अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के साथ मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार न तो समय पर खाद दे पा रही है और न ही गुणवत्तायुक्त बीज। न तो पर्याप्त डीएपी है और न ही एनपीके। किसान डीएपी मांग रहा है तो उसे जबर्दस्ती एनपीके पकड़ाया जा रहा है। किसान और उसका परिवार खाद के लिए रतजगा कर रहा है। नकद खाद लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। दोनों नेताओं ने अब किसान खेत यात्रा निकालने की घोषणा भी की।

इसके तहत गांव से खेत तक यात्रा निकालकर भाजपा सरकार के किसान हितैषी होने के दावे की वास्तविकता बताई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नौ लाख टन डीएपी की आवश्यकता है और उपलब्धता साढ़े चार लाख टन की ही है। डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए एनपीके दिया जाता है तो उसकी आवश्यकता नौ लाख टन होगी और यह खाद भी तीन लाख टन ही मिला है। यह समस्या सरकार की कार्ययोजना की खामी के कारण है।

हमारी सरकार में पहले ही गोदामों में खाद रख दिया जाता था और उसके ब्याज का बोझ भी किसानों पर नहीं आने देते थे। उन्होंने कहा कि अग्रिम भंडारण पिछले वर्ष की तुलना में ही 3.51 लाख मीट्रिक टन कम हुआ है। यूरिया पूरे सीजन में 22 लाख टन लगना है, लेकिन उपलब्धता 10 से 12 लाख टन की है। ऐसे में आने वाले दिनों में संकट गहराने वाला है, पर सरकार को कोई चिंता नहीं है। 40 प्रतिशत खाद भाजपा सरकार व्यापारियों को दे रही है, जो मनमानी कर रहे हैं।



### केंद्र से उर्वरकों की विशेष मांग करें

प्रदेश कांग्रेस ने मांग की है कि उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से विशेष मांग की जाए। कृषि सचिव या कृषि उत्पादन आयुक्त को दिल्ली में उर्वरक उपलब्ध नहीं होने तक के लिए तैनात किया जाए। जिन क्षेत्रों में पहले बोवनी हो रही है, वहां आपूर्ति पहले हो। परिवहन की व्यवस्था बढ़ाकर गांव-गांव तक खाद पहुंचाई जाए। किसान को जो खाद चाहिए वही दी जाए। उसे जबर्दस्ती किसी खाद विशेष को लेने मजबूर न किया जाए।

## आयुर्वेद, उपचार की प्राचीन और कारगर पद्धति : गौर

**भोपाल।** आयुर्वेद उपचार की प्राचीन पद्धती है। यह वर्तमान में भी उपचार की एक महत्वपूर्ण पद्धति है। यह बात पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने कही। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शरद पूर्णिमा के अवसर पर अयोध्या नगर दशहरा मैदान में आयोजित 34वें आयुर्वेदिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहीं थी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि परमार्थ और परोपकार करनेवालों के साथ अपने आप लोग जुडते जाते हैं। उन्होंने कहा कि नाड़ी वैद्य पंडित चंद्रशेखर तिवारी जी शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर परोपकार का कार्य कर रहें हैं। श्रीमती गौर ने शिविर में भाग लेने वाले नागरिकों से कहा कि हमें उपचार की प्राचीन पद्धति आयुर्वेद पर विश्वास करना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से रोगों का स्थाई समाधान होता है। गौर ने नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह भी किया।

## विराज एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने सभी विभागों को मजबूत करने की कडी में अब एनएसयूआई नेता विराज यादव को भी जिम्मेदारी दी है। उनहें संगठन का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। संगठन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। विराज यादव लंबे समय से छात्र इकाई के साथ सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं।

### 200 डिप्टी कलेक्टर संघ में हुए शामिल

# राप्रसे संघ के अध्यक्ष बने गुप्ता



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के चुनाव लंबे समय बाद गुरवार को हुए। जिसमें सुशासन संस्थान के संचालक राजेश गुप्ता को निर्विरोध अध्यक्ष और भोपाल नगर निगम में अपर आयुक्त टीना यादव को महासचिव चुना गया। वहीं पहली बार प्रदेश के 200 प्रभारी डिप्टी कलेक्टरों ने सदस्यता ली। ये डिप्टी कलेक्टर हैं, लेकिन पदोन्नति नहीं होने के कारण प्रभारी के रूप में काम कर रहे हैं। अब तक ये तहसीलदारों के प्रतिनिधित्व वाले कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ वाले संगठन के सदस्य थे। इनमें से कुछ सदस्यों को राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की कार्यकारिणी में सदस्य भी बनाया है। यह अधिवेशन आकांक्षा भवन में हुआ। संघ के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक अब पूर्व अध्यक्ष जीपी माली संरक्षक और पूर्व महासचिव किरण गुप्ता उपाध्यक्ष होंगी।

नवीन कार्यकारिणी में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज प्रजापति व आकाश श्रीवास्तव कनिष्ठ उपाध्यक्ष, नितिन टाले संयुक्त सचिव, चंद्रप्रताप गोहल व आदित्य जैन कोषाध्यक्ष होंगे। जबकि राजीव समाधिया व भुवन गुप्ता प्रवक्ता, जीवन सिंह रजक व मनीष शर्मा संपादक आकांक्षा होंगे।

कार्यकारिणी में पुष्पा पुसाम, गोपाल वर्मा, प्रकाशचंद्र शाक्य, रविशंकर राय, मकसूद अहमद, विष्णु यादव, राहुल गुप्ता, संघमित्रा बोद्ध, संदीप शिवा, पल्लवी वैद्य, अनुराग निगवाल, प्रकाश जैन, मनोज श्रीवास्तव, नीता कोरी और गुलाब सिंह को सदस्य बनाया है।

आयोजन में 97 वर्षीय देवीशरण भी शामिल हुए। वे संघ के मुख्य संरक्षक है। इसके अलावा उक्त सेवा संघ के मार्गदर्शक व पूर्व पदाधिकारी रहे सेवानिवृत्त आइएएस कवींद्र कियावत, राजेश जैन, राजेश बहुगुणा, पूर्व सूचना आयुक्त महेशचंद्र त्रिवेदी और आइएएस अवार्ड प्राप्त अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

**प्रदर्शन**



युवक कांग्रेस ने नशे के बढते कारोबार के विरोध में प्रदर्शन किया और युवाओं को रोजगार देने की मांग की।

# भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर बढ़ाएगा निवेश

### कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने 3589.4 करोड़ की मंजूरी दी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का 3589.4 करोड़ से 4 लेन में उन्नयन होगा। गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी मंजूरी दी। इस काम से मप्र को कई दृष्टि से लाभ होंगे। सबसे ज्यादा सहूलियतें औद्योगिक निवेश बढ़ाने में होगा। मप्र से उत्तरप्रदेश के बीच सड़क मार्ग से आवागमन आसान होगा। समय कम लगेगा। जाम से निजात भी मिलेगी।

**इन क्षेत्रों में होगा मार्ग का उन्नयन:** भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के तहत भोपाल से विदिशा, विदिशा से ग्यारसपुर, सताईघाट से चौका और चौका से कैमाहा के बीच



काम होगा। इस पर अनुमानित 3589.4 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। अधिकारियों के मुताबिक बाद में जरुरतों व खर्च को देखते हुए यह राशि बढ़ाई भी जा सकती है। इसके पूर्व मंडला-नैनपुर के बीच 46 किमी मार्ग के लिए 592 करोड़ की स्वीकृति मिली थी।

### सीएम ने की थी केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश बढ़ाने में जुटी है। प्रदेश के अंदर व बाहरी राज्यों में आयोजनों के माध्यम से उद्योगपतियों से बातचीत जारी है जिनमें उद्योगपतियों द्वारा रोड इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के सुझाव दिए हैं। ऐसे सभी सुझावों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पिछले महीनों में केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले थे, जिसके बाद उक्त मार्ग के उन्नयन को हरी झंडी मिली है।

**मेट्रो एंकर** | अतिथि विद्वान आमंत्रण प्रक्रिया सत्र 2024-25 के लिए प्रक्रिया जारी

# उच्च शिक्षा : 24 को महाविद्यालय आवंटित होंगे 30 अक्टूबर तक स्थल परिवर्तन की सुविधा



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग ने नवीन नीति 5 अक्टूबर 2023 के अनुरूप सत्र 2024-25 के लिए अतिथि विद्वान आमंत्रण प्रक्रिया के लिए समय सारणी जारी की है। इसके अनुसार वर्तमान में आमंत्रित अतिथि विद्वानों को स्थल परिवर्तन की सुविधा, नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के प्रोफाइल अद्यतन एवं दस्तावेज अपलोड किए जा रहे हैं। वर्तमान में आमंत्रित अतिथि विद्वानों को 30 अक्टूबर तक स्थल परिवर्तन की सुविधा मिलेगी।

अपलोड अद्यतन दस्तावेजों का सम्बंधित अग्रणी महाविद्यालय में सत्यापन के बाद आमंत्रित अतिथि विद्वानों को स्थल परिवर्तन के लिए 23 अक्टूबर तक विकल्प भरने के अवसर उपलब्ध रहेंगे। स्थल परिवर्तन के लिए कार्यरत अतिथि विद्वानों को वरीयता के अनुसार 24 अक्टूबर को महाविद्यालय आवंटित होंगे। अतिथि विद्वान 24 से 30 अक्टूबर तक स्थल परिवर्तन के लिए आवंटित महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे और महाविद्यालय पोर्टल पर अतिथि विद्वानों की ज्वाइनिंग दर्ज करा सकेंगे।

### नए पंजीयन के 25 अक्टूबर से 6 नवंबर तक

अतिथि विद्वान के लिए नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के प्रोफाइल अद्यतन एवं दस्तावेज अपलोड की प्रक्रिया 25 अक्टूबर से 6 नवंबर तक होगी। अतिथि विद्वान के लिए नवीन पंजीयन एवं पूर्व मे पंजीकृत आवेदक 25 अक्टूबर से 5 नवंबर तक प्रोफाइल अद्यतन करना एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। आवेदक अपने अपलोड नवीन/अद्यतन दस्तावेजों का सम्बंधित शासकीय अग्रणी महाविद्यालय में 26 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सत्यापन करवा सकेंगे।



## संपादकीय

# असमंजस पर विराम

लंबे समय से चर्चित और विवादित हो रहे नागरिकता कानून की धारा 6-A की संवैधानिकता को लेकर कल सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक पुराने मसले के नए सिरे से उभर आने की आशंकाओं पर तो विराम लगा ही दिया और फैसले ने कई ऐसे पहलुओं पर भी रोशनी डाली, जिससे समकालीन बहस को दिशा मिल सकती है। इस लिहाज से यह फैसला असम में अवैध प्रवासियों के मामले को देखने के असम समझौते में रेखांकित हुए नजरिए की पुष्टि करता है। ।जहां तक अन्य राज्यों में ऐसा प्रावधान करने की बात है तो इसका सीधा, सहज जवाब हां में आता है। लेकिन इस बिंदु पर कोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि किसी अन्य राज्य में समस्या ने इतना गंभीर रूप लिया ही नहीं। इस संदर्भ में पश्चिम बंगाल के उदाहरण का फैसले में भी उल्लेख करते हुए कहा गया है कि असम में 40 लाख प्रवासियों की मौजूदगी पश्चिम बंगाल के 57 लाख प्रवासियों के मुकाबले ज्यादा गंभीर इसलिए मानी जाएगी क्योंकि असम में जमीन की उपलब्धता कम है। जाहिर है, अदालत का फैसला बताता है कि इस मसले को सभी तथ्यों, प्रसंगों और संदर्भों के साथ देखकर ही नतीजा निकाला जाना चाहिए। यह फैसला बाहर से आकर असम में रह रहे उन तमाम लोगों के लिए राहत लेकर आया, जो खुद को अनिश्चितता में फंसा महसूस कर रहे थे। फैसले ने बिल्कुल साफ कर दिया कि किन लोगों की नागरिकता पर कोई खतरा नहीं है, किन लोगों को नागरिकता मिल सकती है और किन लोगों को अवैध प्रवासी के रूप में चिह्नित कर कानूनी तौर पर वापस भेजना है। इस लिहाज से अब अनिश्चितता के लिए कोई गुंजाइश नहीं रह गई है। इस फैसले को देखें तो यह परोक्ष रूप से यह भी बताता है कि इस तरह के गंभीर और संवेदनशील मसलों से निपटते हुए खास सावधानी की जरूरत है। तात्कालिक हितों से निर्देशित राजनीति इस मामले में ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। फैसला भले असम के संदर्भ में दिया गया हो, लेकिन अवैध प्रवासियों का मुद्दा कई और क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है। उम्मीद की जा सकती है कि इस फैसले के बरक्स अन्य क्षेत्रों में भी सभी संबंधित पक्ष विवाद को भड़काने के बजाय सुलझाने वाला नजरिया लेकर आगे बढ़ेंगे। गौरतलब है कि इस मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि असम समझौता बढ़ते प्रवास के मुद्दे का राजनीतिक समाधान था। इसमें जोड़ी गई धारा 6ए कानूनी समाधान था। केंद्र इस कानून को अन्य क्षेत्रों में भी लागू कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया क्योंकि वहां असम जैसी परिस्थितियां नहीं थीं। असम में जो लोग आए उनकी संस्कृति पर असम का प्रभाव था। धारा 6ए के खिलाफ याचिकाकर्ता ने जो दलील दी कि, एक जातीय समूह दूसरे जातीय समूह की उपस्थिति के कारण अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम नहीं है। उन्हें इसे साबित करना होगा। धारा को केवल इसलिए असंवैधानिक नहीं माना जा सकता क्योंकि इसमें रजिस्ट्रेशन का प्रोसेस निर्धारित नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6ए को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी एक जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम आये हैं वो भारतीय नागरिक के तौर पर खुद को रजिस्टर करा सकते है। हालांकि 25 मार्च 1971 के बाद असम आने वाले विदेशी भारतीय नागरिकता के लायक नहीं हैं। इस कानून पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- हमने धारा की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

जो प्रेमपत्र में मूर्खतापूर्ण बातें न लिखे, उसका प्रेम कच्चा है, उस पर विश्वास नहीं करना चाहिए। पत्र जिनता मूर्खतापूर्ण हो, उतना ही गहरा प्रेम समझना चाहिए।

– हरिशंकर परसाई

## आज का इतिहास

- 1630: बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन किया गया था।
- 1739: इंग्लैंड ने स्पेन पर युद्ध की घोषणा की थी।
- 1853: अमेरिका के हवाई प्रांत में पहली आटा चक्की शुरू की गयी थी।
- 1889: फ्रांसीसी नेता नेपोलियन बोनापार्ट ने रूस की राजधानी से अपनी सेना हटाई थी।
- 1900: जर्मन वैज्ञानिक माक्स प्लांक ने 'प्लांक का नियम' प्रतिपादित किया था। इसे 'ब्लैक बॉडी एमिशन' का नियम भी कहा जाता है।
- 1915: रूस और इटली ने बुल्गारिया पर युद्ध की घोषणा की थी।
- 1926: जॉन सी गैरेंड ने सेमी ऑटोमेटिक राइफल का पेटेंट कराया था।
- 1932: ब्रिटिश सरकार ने सोवियत संघ के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये थे।
- 1932: फोर्ड मोटर कंपनी के मालिक हेनरी फोर्ड ने रेडियो पर अपना पहला भाषण दिया था।
- 1950: मदर टेरेसा ने कलकत्ता (भारत) में मिशनरी ऑफ़ चैरिटिज की स्थापना की थी।
- 1960: नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन चलाने वाले अमेरिका के मार्टिन लूथर किंग-जूनियर को अटलांटा में गिरफ्तार किया गया था।
- 1970: भारत में निर्मित पहला मिग - 21 विमान भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था।
- 2004: चीन ने अपना पहला व्यावसायिक मौसम उपग्रह छोड़ा।
- 2005: ईराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के ख़िलाफ़ बगदाद में सुनवाई शुरू।
- 1903: हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार आर. सी. बोराल का जन्म हुआ।
- 1910: खगोल भौतिक शास्त्री सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म हुआ था।
- 1910: खगोल भौतिक शास्त्री सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म हुआ था।

## निशाना

### है घड़ी वो आन !



- कृष्णेन्द्र राय

टिकट का बंटवारा।
है घड़ी वो आन।।
क्या हो किसके हिस्से ?
और कितना सम्मान।।
सिलसिला अब है चलना।
और गुणा-भाग।।
है थोड़ा पकड़ना।
करना भी है त्याग।।
लाभ और हानि का।
है यह सारा खेल।।
पड़ता है चुप रहना।
भले दिखावटी मेल।।
समूह है बनाया।
और किया करार।।
अंदरखाने भले लड़ें।
दिखे बाहर प्यार।।

## चुनावी सर्वेक्षण से राजनीतिक दलों की रणनीतियां फेल

# कांग्रेस का स्यापा और भाजपा की चुप्पी से उठते सवाल

■ सरमन नगेले



हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने आक्रामक और टेक्निकल सहारा लेकर जिस प्रकार स्यापा किया है,देखने लायक रहा। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में जिन बिंदुओं को आधार बनाकर शिकायत की। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने उस पर कहा कि वे बिन्दुवार शिकायत का उत्तर देंगे और जल्दी देंगे। उन्होंने एग्ज़िट पोल पर बताया कि यह एक विकृत रूप सामने ला रहा है। दरअसल एग्ज़िट पोल लोगों की उम्मीदों को बड़ा रहा होता है और नतीजे़ अनुकूल नहीं आने पर इस प्रकार के बातें सामने आती हैं। उधर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने एग्ज़िट पोल इलीगल बताया। कांग्रेस के दावों को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी और ओपी रावत ने टीवी इंटरव्यू में ख़ारिज कर दिया। कांग्रेस और उनके सहयोगी योगेंद्र यादव का कहना था कांग्रेस की हरियाणा में सरकार बन रही है। उसका आधार यह था की लोग कह रहे थे और सारे एग्जिट पोल यही बता रहे थे की कांग्रेस की सरकार बन रही है। उधर यही बात भारतीय जनता पार्टी के लोग लोकसभा चुनाव के वक्त यही तर्क देते थे। लेकिन हरियाणा और देश के लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव परिणाम ने एग्ज़िट पोल को सिरे से नकार दिया। फर्क इतना रहा की जिस तरह कांग्रेस अभी एग्ज़िट पोल के आधार पर स्यापा कर रही है। उसी एग्ज़िट पोल के आधार को लोकसभा चुनाव में मानने से इंकार कर रही थी। दिलचस्प पहलू यह है की बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के दौरान नतीजे़ एग्ज़िट पोल के अनुकूल न आने पर स्यापा तो बिल्कुल नहीं किया था और न ही चुनाव आयोग में शिकायतें की थीं। जैसा अभी कांग्रेस कर रही है।

अब बात करते हैं मुख्य मुद्दे की, दरअसल चुनावी सर्वेक्षण मुख्यत~ चार प्रकार के होते हैं। पहला -चुनाव -पूर्व सर्वेक्षण दूसरा -एग्ज़िट मतदान -जिसे एग्ज़िट पोल भी कहते हैं। तीसरा - चुनाव अभियान के मध्य सर्वेक्षण चौथा -मतदान -उपरांत सर्वेक्षण और इंस्टा सर्वेक्षण। सन्दर्भ यह बताता है की भारत में सबसे पहला मतदान क्षेत्र सर्वेक्षण कांग्रेस पार्टी में 1967 में फूट पढ़ने पर पहला राष्ट्रीय सर्वे हुआ था। इसी समय इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय नेता के रूप में उभरी थीं। चूँकि भारत में मीडिया में चुनावी सर्वेक्षण व्यापक पैमाने पर जगह बनाने लगा तो ऐसी संस्थाएं भी लगातार बढ़ती जा रहीं हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में तो एक संस्थान ने,ढ्ढ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बनावटी (कृत्रिम) तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता वाला टूल है। इसके ज़रिये कंप्यूटर सिस्टम या रोबोटिक सिस्टम तैयार किया जाता है, जिसे उन्हीं तर्कों के आधार पर चलाने का प्रयास किया जाता है जिसके आधार पर मानव मस्तिष्क काम करता है।) के माध्यम से सर्वे किया वो भी सोशल मीडिया के फेसबुक के नो लाख यूजर की लगभग चालीस लाख पोस्ट के कमेंट के आधार पर।

भारत में चुनावी सर्वेक्षणों के पूर्वानुमानों के उलट, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा में अपनी सत्ता बचा ली है। उसने अपनी सीटें 40 से बढ़ाकर 48 और वोट शेयर 36.5 फीसदी से बढ़ाकर 39.9 फीसदी करके तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर लिया है। कांग्रेस का वोट शेयर भी 11 प्रतिशत अंक बढ़कर 39.1 फीसदी हो गया, लेकिन उसकी सीटों की संख्या में मामूली वृद्धि हुई। उसे 37 सीटें मिलीं जो पिछली बार से छह ज्यादा हैं। हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधान सभा चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास, मत सर्वेक्षण का औचित्य एवं अनौचित्य। जाने माने लेखक निक मून ने अपनी पुस्तक ÷ ओपीनियन पोल ¬हिस्ट्री थियोरी एंड प्रैक्ट्रिस ÷में लिखा है कि जनमत सर्वेक्षण अच्छे य बुरे के लिए, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अंतर्गुम्फित हैं। ये चुनावों को भेड़ चाल के स्तर तक य रेस केप स्तर तक गिराकर पूरे लोकतंत्र को दूषित कर सकते हैं। मत सर्वेक्षणों के चुनाव अभियान और वास्तविक मतदान पर पड़ने वाले प्रभावों की जाँच होनी चाहिए। यह सवाल इसलिए उठता जा रहा की यह पारदर्शिता के पहलू के पालन से एकदम विपरीत होता है। मत सर्वेक्षण में सुव्यवस्थित एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण होना चाहिए न की मात्र सूचनाओं का जमघट। रेखांकित करने वाला पहलू यह है की जब 1992 में ब्रिटिश चुनावों के निष्कर्ष संबंधी भविष्यवाणी सही निकली तो आलोचकों ने कहा ÷मत सर्वेक्षण हानिकारक परजीवी÷ हैं और चुनावों को भेड़ चाल के स्तर तक य रेस केप स्तर तक गिराकर पूरे लोकतंत्र को दूषित कर सकते हैं। गैलप मतदान विश्व भर जानें जाते हैं। लगभग छह दशक पूर्व जार्ज गैलप ने यूएसए में गैलप मतदान की स्थापना की थी, उन्हें संपूर्ण विश्व में जनमत सर्वेक्षण का जनक माना जाता है , इसमें अमेरिका के राष्टपति चुनाव भी शामिल हैं। तब से मतदान पूर्व सर्वेक्षण कराने वाली विशिष्ट एजेंसियों की भरमार हो गई है। भारत जैसे देशों में जहाँ चुनावी लोकतंत्र है, अर्थव्यवस्था में बाज़ार का प्रभाव और न्यूज़ मीडिया का विशिष्ट स्थान है। गैलप मतदान के शोध करता है और संपादक डेविड मूर ने अपनी पुस्तकों द ओपिनियन मेकर एवं सुपर पोलस्टर लिखी है किस प्रकार मतदान सर्वेक्षण, मतदान के वातावरण दूषित करता है। और हाँ उसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में छेद करता है जिसके लिए इसका शुभारंभ किया गया था।




वैसे एक खुला सच यह भी है कि 2013 के बाद से मुख्यत~ कांग्रेस और बीजेपी ने सर्वेक्षण का काम लगभग इन हाउस प्रारंभ कर दिया है। लेकिन जिस तरह कांग्रेस के लिए चुनावी सर्वेक्षण करने वाले एक्सपर्ट पब्लिक डोमेन में आकर स्वीकारोक्ति करने लगते हैं कि हमने इस राज्य में कांग्रेस के लिए काम किया। अमुक प्रदेश के चुनाव में हमारे सर्वेक्षण से सरकार बनी। जैसे सुनील कानुगोलू 2014 में भाजपा के एसोसिएशन ऑफ बिलियन माइंडस से जुडे थे और कई राज्यों में चुनाव के शिल्पकार थे। आजकल कांग्रेस के साथ हैं। नरेश अरोरा ने भी कांग्रेस के लिए काम किया है वे भी मीडिया में आकर यह बात स्वयं कहते हैं तो दूसरे दलों के लिए जिन्होंने काम कर श्रेय लिया है प्रशांत किशोर भी शामिल हैं। अलबत्ता भारतीय जनता पार्टी का चुनावी सर्वेक्षण करने वाला एक्सपर्ट पब्लिक डोमेन कभी भी नहीं आता या मीडिया में जाने की मनाही है।

लब्बोलुआब यह है कि मतदान सर्वेक्षण एवं एग्ज़िट पोल के चलते राजनैतिक दलों की रणनीतियां फेल हो गईं। भारत की सभी राजनैतिक पार्टियां एन-केन-प्रकारेण सत्ता पर काबिज़ होना चाहते हैं चाहे एग्ज़िट का कंधा मिले य दूसरे उपक्रम जो चुनाव के वक्त ही कारगर साबित होते हैं। भारत की 140 करोड़ जनता जनार्दन की चिंता किसी को नहीं है।

(लेखक इलेक्शन जर्नलिज्म के रिसर्चर हैं, यह उनके विचार हैं)

# मोदी युग में सशक्त होती भाजपा

■ सुरेश पचौरी

भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। इस उपलब्धि के पीछे पार्टी के करोड़ों देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत है। कोई भी संगठन, संस्था अथवा राजनैतिक दल प्रगति के सर्वोच्च शिखर को तभी छू सकते हैं, जब उनके सामने लक्ष्य और दिशा सुस्पष्ट हो। उसका कर्मपथ तदनुरूप निर्दिष्ट हो। उस दिशा में अग्रसर होने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं का विशाल समूह साथ में हो। ऐसे कार्यकर्ता, जो राष्ट और समाज की बेहतरी के लिए कटिबद्ध हों तथा निःस्वार्थ सेवा व समर्थ राष्ट-निर्माण जिनका संकल्प हो। विश्व की सबसे विशाल सदस्य संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी का उदाहरण हमारे सामने है। भाजपा पंचनिष्ठाओं पर आधारित पार्टी है। ये पंचनिष्ठाएं हैं- राष्टवाद एवं राष्टीय अखंडता, लोकतंत्र, सर्वधर्म समभाव, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति। भाजपा के लिए राष्ट सर्वोपरि है और वह सदैव राष्टहित में काम करती है।भाजपा प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। भाजपा का विरोध सिर्फ अलगाववादियों एवं आतंकवादियों से है। उन देशद्रोहियों और षडयंत्रकारियों से है, जो राष्टहित पर आघात करने के मंसूबे पालते है।



विश्व के अग्रणी नेता के रूप में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पांच दशक के सार्वजनिक और राजनैतिक जीवन में हमने लोकप्रियता की इस ऊँचाई पर किसी नेता का आरोहण होते हुए नहीं देखा है। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के प्रत्यक्ष अवलोकन से स्पष्ट है कि सदस्य संख्या के मान से भाजपा दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल की प्रतिष्ठा पहले ही अर्जित कर चुकी है। किसी संगठन और नेतृत्व का संकल्प जब जनता से जुड़ने, जन-जन से खुद को जोड़ने और अपने आचरण व कार्य व्यवहार से जनता के दिलों को जीत लेने का होता है तो कालांतर में उसका असर स्वयमेव दिखाई देता है। भाजपा ने अपनी नीतियों से संगठन के प्रति लोगों का भरोसा जगाया है। जनमानस में यह धारणा बनने लगी है कि भाजपा ही हमारी हितैषी पार्टी हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तो अपना मंतव्य भी स्पष्ट कर रखा है- 'सबका साथ , सबका विकास , सबका विश्वास।' समाज का कोई भी वर्ग इससे अछूता नहीं। किसी के साथ पक्षपात नहीं। किसी के साथ भेदभाव नहीं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार द्वारा समाज के शोषित, वंचित, पीडित व सर्वहारा वर्ग के हितों में अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिए गए हैं। महिला सशक्तिकरण के साथ ही नौजवानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी के लिए उत्तम स्वास्थ, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। 'विकसित भारत' का सपना संजोये भारतीयों ने मोदी जी से प्रेरित होकर भाजपा के सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। संगठन पर्व 2024 के द्वितीय चरण में पार्टी एवं नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए देश में अब तक नौ करोड़ से अधिक जिसमें मध्यप्रदेश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में पंजीकृत हुए। यह उल्लेखनीय उपलब्धि भाजपा के देवतुल्य सजग कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की वजह से मिल पाई है। भाजपा के केन्द्रीय नेताओं के मार्गदर्शन व मध्यप्रदेश के कर्मठ नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कटिबद्ध है।



**राष्ट्रनायकत्व का अभूतपूर्व प्रतिमान:** इस मान्यता में कतई अतिशयोक्ति नहीं है कि नरेन्द्र मोदी विश्व की पहली पंक्ति के नेताओं में शुमार हो चुके हैं। विश्वमंच पर उनकी बात ध्यान से सुनी जाती है। संकट-समाधान के लिए उनकी ओर आशा भरी नजरों से देखा जाता है। मोदी जी मूलतः संगठन के व्यक्ति हैं। वे बड़े गर्व से स्वयं को भारतीय जनता पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता कहते हैं। यही बड़प्पन उन्हें बड़ा नेता बनाता है। पिछले 23 वर्षों से वे सत्ता के सूत्र संचालन कर रहे हैं। वे 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और 10 वर्ष से भारत के सफल प्रधानमंत्री हैं। लोकतंत्र की एक आवश्यक शर्त महाकवि कालिदास की अमर कृति 'अभिज्ञान शाकुंतलम' में मिलती है। कालिदासजी कहते हैं- 'अविश्रामोऽयं लोकतंत्राधिकारः।' अर्थात् लोकतंत्र के अधिकार में विश्राम नहीं। नरेन्द्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो केवल घोषणा करने और निर्णय लेने तक सीमित नहीं रहते बल्कि कार्यान्वयन के प्रत्येक चरण की मानीटरिंग और समीक्षा करते हैं। कमियों को दुरुस्त करवाते हैं। अच्छे काम करने वालों की हौसला अफजाई करते हैं। देश के किस राज्य के किस कोने में क्या नवाचार किया जा रहा है, उसकी समाज के लिए क्या उपादेयता है, इन सबको परखते हुए अपने अनूठे और अभूतपूर्व लोक संवाद 'मन की बात' में उसको रेखांकित करते हैं। मोदीजी ने 10 साल से चल रहे %मन की बात% कार्यक्रम में हजारों देशवासियों को बेहतर करने की प्रेरणा दी है। भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ता अपने यशस्वी जननेता से प्रेरणा लेकर दोगुने उत्साह के साथ काम करते हैं। नरेन्द्र मोदी जीवन के संघर्षों का सामना करते हुए आगे बढ़े हैं। उन्होंने जब राष्ट की बागडोर संभाली, तब गरीब, किसान, नौजवान तथा महिलाएं उनकी प्राथमिकता के केन्द्र बिन्दु बने। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न, किसानों के लिए सम्मान निधि, गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान चिकित्सा योजना इसके ज्वलंत प्रमाण हैं।

प्रधानमंत्री हमेशा नये भारत की बात करते हैं। नया भारत कुछ वर्षों के बाद 'विकसित भारत' बनकर दुनिया का सिरमौर बने, इसके लिए आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाना उनकी प्राथमिकता रही है। शिक्षा के क्षेत्र में तो अभूतपूर्व क्रांति हुई है। नई शिक्षा नीति ज्ञान को भारतीयता से जोड़ने की सार्थक पहल है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सर्वांगीण विकास के लिए जो सपना संजो रखा है, उसे पूरा करने के लिए उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है। निःसंदेह, मोदी जी का हर पल, हर क्षण राष्ट के लिए समर्पित है और वे इसी संकल्प के साथ विश्व में देश का मान बढ़ाते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

### टैगोर स्कूल प्रांगण से निकाला विशाल पथ संचलन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर में निकले पथ संचलन, पर नागरिकों ने की पुष्पवर्षा





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने स्थानीय टैगोर स्कूल प्रांगण से विशाल पथ संचलन निकाला जो नगर के विभिन्न मार्गों से निकाला गया। पथ संचलन के दौरान नागरीको ने हर चौक चौराहे पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

टैगोर स्कूल के प्रांगण से श्याम 4:30 बजे के आसपास निकाला पथ संचलन लोहिया पुल, पुराना बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक, पोस्ट आफिस मार्ग, गाडरी मोहल्ला, जेल रोड़, राधाबल्लभ मंदिर मार्ग, सीएम राइज स्कूल, गायत्री मंदिर मार्ग, राही चौक, गौंडी मोहल्ला, शंकर मंदिर मार्ग, मुख्य मार्ग, कल्लू चौक, शीतला माता मंदिर मार्ग, बड़ा मंदिर चौक, नर्मदा मंदिर,गांधी चौक होते हुए वापस स्कूल पहुंचा। इस दौरान सहविभाग कार्यवाह प्रेमनारायण ने बताया कि विगत दिनों निकले विजया दशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 वर्ष में प्रवेश किया हैं। अगले वर्ष हम विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संघ का शताब्दी वर्ष मनाएंगे। समाज का हिंदू वर्ग को अधिक से अधिक संघ की शाखों में जाना चाहिए। जो हिंदू समाज को आगे बढ़ाने में कार्यरत हैं। नगर के नागरिकों में पद संचलन का घोष वादक और लगभग 600 स्वयं सेवकों की एक जैसी कदमताल और ड्रेस लोगों में उत्सुकता का विषय रहा। पद संचलन के दौरान छोटे-छोटे स्वयंसेवक भी गणवेश में हाथ में ध्वज लिए चल रहे थे। इस दौरान पुलिस की चाक चौबंद ववस्था थी पद संचलन के आगे आगे स्वयं थाना प्रभारी श्रीमती उषा मरवी, शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव अपने दलबल के साथ आगे चल रहे थे।

## ब्राह्मण महिला संगठन ने धूमधाम से मनाया शरदोत्सव



**सिवनी मालवा।** सर्व ब्राह्मण महिला संगठन ने शरद पूर्णिमा पर स्थानीय कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल परिसर में राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर शरदोत्सव मनाया। इस दौरान डांडिया रास भी किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन की अध्यक्षा ज्योति व्यास ने बताया कि विगत 14 वर्षो से विप्र महिलाओं द्वारा सामाजिक कार्यों के साथ साथ संस्कृति कार्यक्रम भी किए जाते रहें हैं। इसी क्रम में बुधवार को शरद पूर्णिमा पर भी भगवान की उपासना के साथ साथ 16 कलाओं से युक्त चन्द्रमा की किरणों में हिंदुओं के आराध्य श्रीराधाकृष्ण के समक्ष मनमोहक गीतों पर माता, बहनों ने दीप नृत्य, मटकी नृत्य, सामूहिक डांडिया रास किया। इस दौरान छोटे छोटे बच्चे राधा कृष्ण बनकर आए। कार्यक्रम में बानापुरा, सिवनी मालवा की सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

# सजग युवा मंडल ने महर्षि वाल्मीकि और अजमीढ़ महाराज की मनाई जयंती



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

आज मानव जीवन की आधार रामायण के रचयिता भगवान महर्षि श्री वाल्मीकि जी महाराज एवं स्वर्णकार समाज के आराध्य श्री अजमीढ़ जी महाराज की जयंती के पावन पर्व पर सजग युवा मंडल के द्वारा पार्षद ईश्वरदास जमींदार के नेतृत्व में कार्यालय पर दोनों महान गुरुओं की जयंती मनाई गई और शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। सभी सदस्यों ने तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके चरणों में शीश झुकाकर नमन किया। मंडल के सदस्य ईश्वरदास जमींदार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज महर्षि श्री वाल्मीकि जी महाराज के कारण ही हमें भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के आदर्शों और सिद्धांतों को पढ़ने और समझने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है साथ ही स्वर्णकार समाज के द्वारा अजमीढ़ जी महाराज की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का भी मंडल के सदस्यों के द्वारा पूजन अर्चन कर स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया दोनों महान गुरुओं की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ सदस्य नवीन सोनी कमलेश लोवंशी विनोद मालवीय पार्षद ईश्वरदास जमींदार योगेश सोनी नरेश जायसवाल अनिल लोवंशी विमल सूर्यवंशी अड्डू, अप्पू गौर आनंद वर्मा तुषार लोवंशी राजू रघुवंशी आदित्य सोनी नितिन लोवंशी विजय मालवीय कान्हा गुर्जर संजू गौर बुंदेश गौर शंकर यादव सहित मंडल के सहयोगी साथी उपस्थित थे।

# हॉकी इंडिया लीग में नर्मदापुरम जिले को एक और उपलब्धि

### नर्मदापुरम हॉकी संघ से साधना सेंगर ओडीसा के लिए अनुबंधित



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदापुरम जिले की साधना सेंगर को हॉकी इंडिया लीग में ओडीसा की टीम ने अनुबंधित किया है। उनका करार 2 लाख 10 हजार रुपए में हुआ है। साधना को मिलाकर एचआईएल में जिले के चार खिलाड़ी अनुबंधित हो चुके हैं, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। डीएचए नर्मदापुरम (इटारसी) की खिलाड़ी साधना सिंह ने 36 वे नेशनल गेम्स 2022 में कांस्य पदक, 37 वे नेशनल गेम्स 2023 में गोल्ड मैडल और 14 वी हॉकी इंडिया सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लिया तथा मलेशिया हॉकी लीग में भी वे खेली हैं। साधना सिंह की इस उपलब्धि पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन, मार्गदर्शक एससी लाल, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, जयराज सिंह भानू, रविन्द्र जोशी, सचिव कन्हैया गोस्वामी, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी सहित संपूर्ण डीएचए सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने वाल्मीकि बस्ती में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला नर्मदापुरम द्वारा भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती वाल्मीकि बस्ती में मनाई गई। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री सभापति एवं वाल्मीकि जयंती जिला प्रभारी मंजीत कलोसिया ने बताया भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर, पूजन अर्चन कर जयंती का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश मैना, भाजपा जिला आईटी सेल प्रभारी अभीषेक तिवारी, अनुसूचित जाति मोर्चा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष पार्षद जिमी कैथवास, अनुसूचित जाति मोर्चा इटारसी मंडल अध्यक्ष आनंद ऊंटवार, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शेंकी चुटिले, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री विनोद लोंगरे, वाल्मीकि समाज उप पटेल रमेश मोहरिया, उप जमादार पुनीत गौहर, सुरेश धूरिया, पार्षद प्रतिनिधि हन्नु बंजारा, करण वरगले एवं अन्य कार्यकर्ता वाल्मीकि समाज के सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# अमृत भारत के काम की धीमी रफ्तार पर भड़की राज्यसभा सांसद माया नारोलिया

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



इटारसी से नागपुर जाते समय इटारसी रेलवे स्टेशन पर चल रहे अमृत भारत के कार्य को देखते हुए राज्य सभा सांसद माया नारोलीया ने नाराजगी जाहिर की उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की यह जनहितेषी योजना है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी कार्य में गति लाई जाए और साथ ही गुणवत्ता भी अच्छी होनि चाहिए कार्य को समय अवधि में पूरा करने के लिए उन्होंने जोर दिया। जिससे जल्द से जल्द इसका लाभ जनता को मिल सके श्री नारोलिया ने रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, कि इटारसी जंक्शन होने के कारण यहां चारों तरफ के लोगों का आना-जाना रहता है पार्किंग व्यवस्था व्यवस्थित की जाए अन्यथा उनकी शिकायत उच्च स्तर पर कर की जाएगी ठेकेदार को चेतावनी देकर व्यवस्था में सुधार लाया जाए उक्त जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिले के सह मीडिया प्रभारी राजा तिवारी ने बताया कि श्री नारोलिया 18 अक्टूबर को नागपुर में महिला मोर्चे की राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नागपुर रवाना हुई है वह महाराष्ट्र में होने वाले चुनाव की प्रभारी भी है।

# सिरोंज तहसील के अंतर्गत लिधोडा पंचायत ग्राम चंद्राराई में बाघ!



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सिरोंज तहसील के अंतर्गत लिधोडा पंचायत ग्राम चंद्राराई के जंगल में बाघ ने गाय पर किया हमला, गाय को मार दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि गाय गर्भवती थी। सिरोंज वन विभाग फॉरेस्ट विभाग को सूचित किया गया, लेकिन कोई भी अधिकारी कर्मचारी घटनास्थल पर अभी तक नहीं पहुंचा। जैसा कि प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष दर्शीयों द्वारा हमें बताया गया। हालांकि हम इस बात की पुष्टि नहीं करते हैं क्योंकि वहां पर किसी भी तरह के बाघ के फुटेज नहीं मिले हैं। ग्रामीणों द्वारा जरूर बताया गया है कि हम लोगों ने बाघ को पत्थर मार कर भगाया है गाय के मालिक अर्जुन सिंह यादव ने बताया कि मेरी गाय जंगल में चरने गई थी और बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मृत्यु हो गई।

# ऋषिकुल न्यास संस्कृत विद्यालय नर्मदा पुरम द्वारा आयोजित मानस लीग चैंपियनशिप का साक्षात्कार संपन्न

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**



ऋषिकुल न्यास संस्कृत विद्यालय नर्मदा पुरम के द्वारा आयोजित मानस लीग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के साक्षात्कार संपन्न इटारसी 17 अक्टूबर प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में ऋषिकुल न्यास संस्कृत विद्यालय नर्मदा पुरम द्वारा आयोजित मानस लीग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के साक्षात्कार संपन्न हुए।

इस साक्षात्कार में लगभग 60 छात्राओं ने भाग लिया। रोहित नागे, कुमारी मंजू राज सिंह ठाकुर, अरविंद शर्मा, राहुल शरण, भूपेंद्र विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं से साक्षात्कार लिए। आगामी 20 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे पत्रकार भवन में पुरस्कार वितरण किया जाएगा। प्रतियोगिता में सभी प्रतियोगी छात्र एवं छात्राओं को 20 अक्टूबर को पत्रकार भवन में आमंत्रित किया गया है। ताकि वे अपना पारितोषिक प्राप्त कर सके। ऋषि कुल न्यास संस्कृत विद्यालय नर्मदा पुरम के सचिव पूर्व विधायक पंडित गिरजा शंकर शर्मा है एवं समन्वयक पंडित वैभव शर्मा है। इटारसी में आयोजित होने वाली मानस लीग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में समाजसेवी प्रमोद पगारे की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मानस लीग चैंपियनशिप की ओर से होशंगाबाद से भूपेंद्र चौहान व्यवस्थापक के रूप में कार्य देख रहे हैं।

## जिले में सर्वोत्तम कृषक एवं सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन 18 अक्टूबर तक

**रायसेन।** रायसेन जिले में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के तहत मूल्यांकन वर्ष 2023-24 के लिए जिला स्तरीय और विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार तथा जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार योजना के तहत उन्नतशील कृषक एवं कृषक समूहों से 18 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 25 हजार रू, विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 10 हजार रू तथा जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार में 20 हजार रू की राशि प्रदान की जाती है। इन पुरस्कारों हेतु आवेदन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर के पास उपलब्ध हैं।

## युवा उद्यमी तथा कृषि संबंद्ध संस्थाएं नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं हेतु 18 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

**रायसेन।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा रायसेन जिले में विकासखण्ड स्तर पर स्थापित कुल 06 नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी, बाडी, उदयपुरा एवं औबेदुल्लागंज में मृदा नमूना परीक्षण कराए जाने के लिये मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं को युवा उद्यमियों/संस्थाओं को आवंटन हेतु एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अर्हताधारक युवा उद्यमी /कृषि संबद्ध संस्थाएं 18 अक्टूबर तक अपने आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल http://www.mponline.gov.in पर स्वयं एवं एमपी ऑनलाइन के कियोस्क केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन भर सकते हैं। इस संबंध में अद्यतन सूचना एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित की गई है। आवेदन की संक्षिप्त सूचना विभागीय वेबसाइट http://www.mpkrishi.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर कार्यालय उप संचालक कृषि रायसेन एवं विकासखण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टरने वीसी के माध्यम से की आयुष्मान भारत तथा सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा

# पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने गंभीरता से काम करें: दुबे

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर अरविंद दुबे ने आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निकायवार और जनपदवार आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुबे ने जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ, बीएमओ, सीडीपीओ सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर सघन मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निकाय और जनपदों में जो आइडी बनी हुई हैं, वह सभी एक्टिव रहें और तेजी से कार्ड बनाने का कार्य किया जाए। प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा प्रतिदिन कम से कम 25 आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी सहित अन्य अमले द्वारा भी अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में लंबित सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सी ग्रेड में शामिल बेगमगंज, सांची तथा मण्डीदीप को बी ग्रेड में आने के लिए निर्देशित किया। साथ ही बी ग्रेड वाले निकायों को ए ग्रेड में आने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी सीएमओ को नगरीय क्षेत्रों में डेंगू से बचाव हेतु फॉगिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही खाली प्लाटों आदि में भरे हुए पानी को निकलवाने के भी निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम श्री मुकेश सिंह सहित महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ, बीएमओ तथा सीडीपीओ सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### शहर में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

# संजीवनी क्लिनिक हेतु चिन्हित भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई

**वन क्षेत्र की 52.300 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया**







**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अभियान के रूप में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में एक साथ राजस्व एवं अन्य विभागो के संयुक्त समन्वय से की जा रही है। गुरूवार को विदिशा शहर में अतिक्रमण से हटाने की कार्यवाही संपादित की गई है। विदिशा नगरपालिका क्षेत्रातंर्गत वार्ड क्रमांक दो जतरापुरा में संजीवनी क्लिनिक भवन हेतु चिह्नित भूमि पर हुए अतिक्रमण को आज हटाने की कार्यवाही विदिशा तहसीलदार डॉ अमित सिंह और नगरपालिका के संयुक्त समन्वयक से निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराई गई है। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि को चूना डालकर नपती कार्य पूर्ण कराया गया है।

विदिशा शहरी तहसीलदार डॉ अमित सिंह ने बताया कि कस्बा विदिशा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 13/71 रकवा 0.146 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। उक्त भूमि में से 1600 वर्ग फीट भूमि संजीवनी क्लिनिक हेतु आवंटित है जिस पर अतिक्रमण होने से संजीवनी क्लिनिक के भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा था। जिसे आज अतिक्रमण से विमुक्त कर भवन निर्माण कार्य हेतु सुर्पुद की गई है। उक्त भूमि का बाजार मूल्य लगभग चालीस लाख रूपए आंकलित किया गया है। कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार श्री आकाश मंहत, नगरपालिका के एई वैशाली पांडे के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

### ग्राम पंचायत गुरोद को शमशान एवं अन्य निर्माण कार्य हेतु सुपुर्द

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में ग्रामीण क्षेत्रो में भी अतिक्रमण हटाने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से राजस्व अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है। नटेरन एसडीएम श्री अजय प्रताप सिंह पटेल ने गुरूवार को सम्पन्न हुई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम गुरोद में शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 568 रकवा 1.045 हेक्टेयर में से अंश रकवा 0.260 हेक्टेयर भूमि पर अनावेदक रघुवीर पुत्र ख्याली मालवीय के द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। जिसे राजस्व विभाग की टीम के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराई गई है। एसडीएम श्री पटेल ने बताया कि ग्राम गुरोद में आज अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि ग्राम पंचायत को शमशान एवं अन्य निर्माण कार्य हेतु सुर्पुद की गई है अतिक्रमण से विमुक्त हुई भूमि का बाजार मूल्य लगभग छह लाख 40 हजार पांच सौ रूपए आंकलित किया गया है।

### विमुक्त कराई गई भूमि की वेल्यू लगभग आठ करोड़ से अधिक

विदिशा जिले में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा राजस्व व वन भूमि में हुए अतिक्रमण को हटाने की मुहिम अभियान के रूप में क्रियान्वित की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह स्वंय प्रत्यक्ष रूप से अतिक्रमण हटाने के कार्यो की मॉनिटरिंग कर रहे है। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में गुरूवार को लटेरी के वन क्षेत्र में अतिक्रमण से हटाने की कार्यवाही राजस्व, पुलिस एवं वन विकास निगम के संयुक्त समन्वय से निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई है।

मध्यप्रदेश राज्य वन विकास के संभागीय प्रबंधक तरूण कौरव ने बताया कि विदिशा, रायसेन परियोजना मंडल के परियोजना परिक्षेत्र उत्तर लटेरी के कक्ष क्रमांक पीएफ क्रमशः 351, 355, एवं 356 से कुल 52.300 हेक्टेयर वन क्षेत्र पर हुए अतिक्रमण को मुक्त कराया गया है। पूर्व उल्लेखितों की उपस्थिति में जेसीव्ही एवं टेऊक्टर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही संपादित की गई है। संभागीय प्रबंधक तरूण कौरव ने बताया कि गुरूवार 17 अक्टूबर को अतिक्रमण से विमुक्त कराने की सम्पन्न हुई कार्यवाही तदानुसार परियोजना परिक्षेत्र उत्तर लटेरी के वन क्षेत्र की 52.300 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से विमुक्त कराई गई है जिसकी वेल्यू लगभग आठ करोड़ रूपए है। सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान विदिशा, रायसेन परियोजना मंडल भोपाल एवं वन विकास निगम का स्टॉफ, एसडीओपी लटेरी श्री अजय मिश्रा, मुरवास थाना प्रभारी, लटेरी तहसीलदार एवं अधीनस्थ स्टाफ तथा वन परिक्षेत्र लटेरी का अमला मौजूद रहा।

---

### बुधनी विधानसभा उप चुनाव...

## निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए लगाई गई सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी

**सीहोर , दोपहर मेट्रो।**

बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने 45 सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने सेक्टर के क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें तथा हर गतिविधि पर नजर रखें एवं मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपने सेक्टर में निर्वाचन गतिविधियों के संपादन में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी निर्देशानुसार सेक्टर क्रमांक 01 के लिए कृषि उप संचालक श्री केके पाण्डे, सेक्टर क्रमांक 02 के लिए पीआईयू कार्यपालन यंत्री श्री देवेंद्र सिंह, सेक्टर क्रमांक 03 के लिए सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी श्री चंद्रभान शर्मा, 04 के लिए पशुपालन विभाग उप संचालक डॉ एकेएस भदौरिया, 05 के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी श्री उत्कृष्ट भारद्वाज, 06 के लिए सहकारिता प्रभारी उप आयुक्त श्री सुधीर कैथवाल, 07 के लिए जिला विपणन अधिकारी श्री प्रशांत वामनकर, 08 के लिए सड़क विकास प्राधिकरण सहायक प्रबंधक श्री विजय श्रीवास्तव, 09 के लिए जल संसाधन विभाग कार्यपालन यंत्री श्री दीपक चौकसे, 10 के लिए श्री उपयंत्री जलसंसाधन विभाग श्री नंदकिशोर यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सेक्टर क्रमांक 11 के लिए एवीएफओ श्री हिमांशु अडसुले, 12 के लिए सहायक प्रबंधक श्री एससी गोस्वामी, 13 के लिए जल संसाधन विभाग अनुविभागीय अधिकारी श्री राहुल बामनिया, 14 के लिए बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल पोलाय, 15 के लिए जिला उद्योग प्रबंधक श्री मनीष अलावा, 16 के लिए व्याख्याता श्री रजनीश कुमार, 17 के लिए सहायक संचालक डॉ आरके शाक्य, 18 के लिए उपयंत्री श्री मयूरेश मालवीय, 19 के लिए परियोजना अधिकारी श्री विनोद प्रजापति, 20 के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रफुल्ल खत्री, 21 के लिए सहायक यंत्री श्री जितेंद्र मण्डलोई, 22 के लिए ड्रग इंस्पेक्टर श्री किरण मंगरे, 23 के लिए नापतोल निरीक्षक श्री संतोष बांके, 24 के लिए उपयंत्री श्री सनी अमरेलिया, 25 के लिए कार्यपालन यंत्री श्रीमती हर्षा जोनवाल, 26 के लिए सहायक प्रबंधक श्री एमके गोयल, 27 के लिए श्री अनिल कुमार जाट, 28 के लिए उपयंत्री श्री वीएन सिंह राणा, 29 के लिए उपयंत्री श्री हर्षल कडडक, 30 के लिए व्याख्याता श्री प्रमोद कुमार गायकवार की ड्यूटी लगाई गई है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना तहत आवेदन आमंत्रित

## वाराणसी (काशी) अयोध्या तीर्थ दर्शन हेतु तीर्थ यात्री 5 नवंबर को रवाना होंगे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**




विदिशा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के तीर्थ यात्री वाराणसी (काशी) अयोध्या के लिए पांच नवम्बर को विदिशा रेल्वे स्टेशन से स्पेशल टेऊन से रवाना होंगे। तीर्थ दर्शन के लिए पात्रताधारी अपने आवेदन पत्र नजदीक के तहसील, स्थानीय निकाय, जनपद पंचायत कार्यालय सहित किसी एक कार्यालय में अंतिम तिथि 26 अक्टूबर तक आवेदन जमा कर सकते है। विदिशा जिले के लिए प्राप्त लक्ष्य तीन सौ तीर्थ यात्री से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर तीर्थ यात्रियों का चयन कम्प्यूटर रेण्डमाईजेशन प्रणाली से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के जिला नोडल एवं संयुक्त कलेक्टर विनीत कुमार तिवारी ने बताया कि वाराणसी (काशी) अयोध्या के लिए विदिशा जिले से 300 तीर्थ यात्री वाराणसी (काशी) अयोध्या तीर्थ दर्शन के लिए स्पेशल टेऊन पांच नवम्बर को विदिशा से रवाना होगी और दस नवम्बर को वापिस आएंगी इसके लिए आवेदन पत्र 26 अक्टूबर तक पूर्व उल्लेखित स्थलों पर आमंत्रित किए गए है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के नोड्ल अधिकारी ने बताया कि तीर्थ यात्री स्पेशल टेऊन से नियत तिथि पांच नवम्बर को रवाना होंगे। विदिशा रेल्वे स्टेशन से रवाना होने वाली उक्त स्पेशल टेऊन में जिले के चिकित्सा दल व अनुरक्षक, सुरक्षाकर्मी भी साथ रवाना होंगे। उक्त टेऊन में विदिशा के अलावा सागर एवं दमोह के तीर्थयात्री भी रवाना होंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत किसी भी एक यात्रा का लाभ उठा चुके वे तीर्थ यात्री पुनः आवेदन प्रस्तुत ना करें। संबंधित तीर्थ दर्शन के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते है तो तीर्थ यात्रियों का चयन कम्प्यूटर रेण्डमाइजेशन प्रणाली से किया जाएगा।

## सीएम हेल्पलाइन, चार सौ शिकायातों के निराकरण पर ए ग्रेड में शामिल होंगे

**सिरोंज।** विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा विदिशा जिले में सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के निराकरणों पर विशेष जोर दिया जा रहा है।खासकर ग्रेडिंग माह सितम्बर एवं पचास दिवसों की शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता से संतुष्टि पूर्वक निराकरण पर बल दिया जा रहा है। जिले में इस प्रकार की 400 दर्ज शिकायातों का समाधान करने पर विदिशा जिला ए ग्रेड सूची में शामिल हो सकेगा। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची जारी उपरांत उन विभागों के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जिन्हें निराकरण में लापरवाही बरती अथवा शिकायतों को अटेंड नहीं किया यानी एल वन स्तर पर जबाब दाखिल नहीं किया है और वह शिकायत अगले स्टेज पर जंप कर गई है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जिले को ए ग्रेड प्राप्त करने के लिए सितम्बर माह की 400 शिकायतों को और निराकृत कराया जाना अनिवार्य है।उन्होंने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को अथक प्रयास करने के अंतिम तीन दिन शेष हैं। जिन विभागों में सितंबर माह की सार्वाधिक शिकायतें लंबित है उन में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा,पंचायत, महिला बाल विकास, नगरीय निकाय शामिल हैं।

### पीएम विश्वकर्मा राष्ट्रीय संचालन समिति योजना, राष्ट्रीय संचालन समिति को 630 आवेदन भेजे गए

**सिरोंज।** विदिशा पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत आयोजित जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक में 630 आवेदन को अनुशंसित कर स्टेज तीन यानि राष्ट्रीय संचालन समिति को अनुमोदन ध्स्वीकृति हेतु प्रेषित किए गए हैं। राष्ट्रीय संचालन समिति के स्वीकृति पश्चात आवेदक को प्रशिक्षण, स्टाइपेंड 500 रुपए प्रतिदिन के मान अनुसार एवम टूलकिट हेतु 15000 रुपए की सुविधा प्रदान की जावेगी तत्पश्चात आवेदक को योजना अंतर्गत ऋण की सुविधा प्राप्त होगी।

### बुधनी विस क्षेत्र में संपत्ति विरूपण की रोकथाम के निर्देश

**सीहोर।** बुदनी विधानसभा उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम-1994 को असाधारण राजपत्र में प्रकाशित कराया जा चुका है। इस संबंध में धारा-5 के अनुसार संपत्ति विरूपण पर कार्यवाही करने के लिए आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाये। निर्वाचन अधिकारी सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वो अपने अधिनस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आदेश से अवगत करावें तथा आदेश का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

## अभ्यार्थी एवं समर्थकों को चुनाव प्रचार के लिए वाहन के उपयोग की अनुमति एसडीएम से लेनी होगी

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 156-बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन में तथा उप निर्वाचन के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से अभ्यार्थी एवं उनके समर्थकों चुनाव प्रचार के लिए वाहन के उपयोग की अनुमति संबंधित अनुविभाग के मजिस्ट्रेट से लेनी होगी और प्रतिदिन वाहनों के उपयोग की अनुमति की जानकारी संबंधित रिटर्निंग आफिसर व जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सभी राजनैतिक दलों, अभ्यार्थियों एवं व्यक्तियों को चुनाव प्रचार प्रसार वाहन के लिए प्राप्त की गई अनुमति वाहन के आगे के कांच (Wind Screen) पर लगाना अनिवार्य होगा।राजनैतिक दलों, अभ्यार्थियों एवं व्यक्तियों को चुनाव प्रचार के लिए हेलीकाप्टर के लिए हैलीपेड निर्माण, हेलीकाप्टर उतारने की अनुमति संबंधित मजिस्ट्रेट से लेना अनिवार्य होगी।
वाहनों/हेलीकाप्टर के उपयोग से संबंधित समस्त अभिलेख निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संधारित करेगें।

---

**मेट्रो एंकर**

### दस्तावेजों के पंजीयन के लिए व्यक्तिगत मौजूदगी की जरूरत नहीं

# ई-रजिस्ट्री और ई-पंजीयन के 'संपदा-2.0' पोर्टल और मोबाइल ऐप से पंजीयन की व्यवस्था हुई सुगम, सरल

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की उन्मुखीकरण कार्यशाला में 10 अक्टूबर से शुरू हुए संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर का पीपीटी के माध्यम से प्रजेंटेशन दिया गया। बैठक में कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने बताया कि 'संपदा-2.0' उन्नत तकनीक पर आधारित सॉफ्टवेयर है। इसमें राजस्व, वित्त विभाग और नगरीय प्रशासन के साथ जीएसटी और युनिक आईडी आधार से भी इंटीग्रेटेड किया गया है। जमीन की कलेक्टर गाइडलाइन दर ऐप में लोकेशन के माध्यम से मालूम हो सकेगी।

उन्होने बताया कि संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर से संपत्ति की जीआईसी मैपिंग होगी, बायोमेट्रिक पहचान और दस्तावेजों की फॉर्मेटिंग भी होगी। दस्तावेजों के पंजीयन के लिए व्यक्तिगत मौजूदगी की जरूरत नहीं होगी। घर बैठे ही दस्तावेज सत्यापन और पंजीकरण हो सकेगा। दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी व्हाट्सएप और ईमेल से आवेदक को प्राप्त होगी। संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर और पंजीयन की प्रक्रिया के बारे में जिला पंजीयन अधिकारी श्रीमती



कीर्ति असाटी ने पीपीटी के माध्यम से विस्तार से बताया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम श्री जमील खान, डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुशवाह सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे तथा अनुभाग स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

पक्षकारों की आधार आधारित ई-केवाईसी की प्रक्रिया लागू की गयी है। आयकर विभाग से एकीकृत कर सिस्टम आधारित PAN सत्यापन करना। सभी पक्षकारों का मोबाइल नंबर सत्यापन से संपदा पोर्टल में पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। एक मोबाइल नंबर से परिवार के 4 सदस्यों का पंजीकरण किया जा सकेगा। संपत्ति की मुख्य जानकारी यथा क्षेत्रफल, उपयोग का प्रकार, व्यपवर्तन आदि संपत्ति डाटा सांधारण के मूल विभाग (कृषि भूमि के लिए भू-अभिलेख, प्लाट/भवन के लिए संबंधित स्थानीय नगरीय निकाय या ग्राम पंचायत के सपत्ति पंजी) से यूनिक आईडी के माध्यम से सीधे प्राप्त की जायेगी। संपत्ति की संपदा मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से जिओ मेपिंग अनिवार्य होगी। संपत्ति की जिओ लोकेशन के आधार पर लागू होने वाली गाइडलाइन दर एवं संबंधित विभाग के प्राप्त क्षेत्रफल व पक्षकार द्वारा दी गयी अन्य आवश्यक जानकारी के आधार पर संपत्ति का मूल्यांकन स्वतः हो जायेगा। इसके साथ ही दस्तावेज तैयार करते समय संपत्ति अर्जित/हस्तांतरण संबंधी पूर्व में पंजीकृत दस्तावेज या न्यायालय डिक्री या अन्य सुसंगत दस्तावेज की लिकिंग करना आवश्यक होगा। साफ्टवेयर द्वारा चुने गए लिखत के आधार पर स्वत-ही प्रारूप (Template) आधारित लेखन, पक्षकार/संस्थाओं के लिए अधिकांश उपयोग होने वाले प्रारूप तैयार करने की भी व्यवस्था। प्रारूप दस्तावेज का निष्पादन पूर्व पक्षकारों द्वारा परीक्षण एवं स्वीकृति आवश्यक।

### संपदा 2.0 की शुरुआत के फायदे

ई-पंजीयन और ई-स्टेम्पिंग की शुरुआत के साथ ही पूरे देश में पहली बार मध्य प्रदेश में पूरी तरह से पेपरलेस और फेसलेस रजिस्ट्रेशन होगा। इसके बाद किसी को रजिस्ट्री कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दुनिया के किसी भी कोने में रहते हुए मध्यप्रदेश के किसी भी जिले में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। एमपी का आदमी जहां भी रहेगा, वह अपनी प्रॉपर्टी बेच सकता है। ऐसा विदेश से भी वह बैठकर कर सकेगा। इससे लोगों का समय भी बचेगा। अब एमपी में नामांतरण के लिए पटवारी के घर भी जाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

### रजिस्ट्री पेपरलेस होगी

रजिस्ट्री के लिए पेपर देने की अब कोई जरूरत नहीं है। अब पक्षकारों की जानकारी सीधे आधार से और भूमि/संपत्ति की जानकारी भू-अभिलेख और स्थानीय निकाय पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। ई-मेल, व्हाट्सएप और डिजिलॉकर के जरिए भी दस्तावेज उपलब्ध होंगे।

### गवाह की जरूरत नहीं होगी

संपदा 2.0 पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से मॉडल डीड सहित अन्य दस्तावेज तैयार करने, स्टाम्प ड्यूटी की गणना, स्टाम्प ड्यूटी का भुगतान और स्लॉट बुकिंग एकदम आसान होगा। इसके साथ ही अब पहचान के लिए गवाह की जरूरत नहीं होगी। कलेक्टर गाइडलाइन दरें, स्टाम्प शुल्क, पूर्व पंजीकृत दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

# हैदराबाद क्लासन, कमिंस और अभिषेक को रिटेन करने तैयार

## हेड-नितिश को भी बरकरार रखने की संभावना



**मेलबर्न, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासन आईपीएल 2025 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के रिटेंशन लिस्ट में सबसे आगे हैं। क्रिकइंफो के मुताबिक, क?लासन को पहले खिलाड़ी के तौर पर 23 करोड़ में रिटेन किया जाएगा। मौजूदा रनर-अप स्त्रा ने रिटेंशन लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर और फ्रैंचाइजी के कप्तान पैट कमिंस को दूसरे (18 करोड़ में) और भारतीय ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा को तीसरे खिलाड़ी (14 करोड़ में) के रूप में रिटेन करेगा। क्रिकइंफो के मुताबिक ट्रेविस हेड और नितिश कुमार रेड्डी को भी बरकरार रख सकता है। आईपीएल रिटेंशन के लिए डेडलाइन 31 अक्टूबर है। अगले सीजन के लिए नीलामी इस साल के अंत में होनी है। कमिंस 2025 में भी टीम के कप्तान रहेंगे हैदराबाद ने पिछले सीजन पैट कमिंस को 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। वे आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। कमिंस की कप्तानी में हैदराबाद पिछले साल फाइनल तक पहुंची थी। लेकिन टीम इस बार क्लासन पर सबसे ज्यादा पैसे खर्च करेगी। कमिंस 2025 में भी टीम के कप्तान रहेंगे। क्लासन ने 16 मैचों में 479 रन बनाए आईपीएल 2024 में क्लासन ने 16 मैचों में 479 रन बनाए थे। वे हेड और अभिषेक के बाद रन बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर थे। अभिषेक ने 16 मैचों में में 484 रन बनाए थे। अभिषेक के साथ ओपनिंग करने वाले हेड ने टीम के लिए पिछले सीजन सबसे ज्यादा 567 रन बनाए थे। आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले अब फ्रेंचाइजी टीमें 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। जिनमें ज्यादा से ज्यादा 5 इंटरनेशनल और 2 अनकैप्ड प्लेयर शामिल हो सकते हैं। इंटरनेशनल प्लेयर किसी भी देश का हो सकता है, लेकिन अनकैप्ड खिलाड़ी भारत का ही होना चाहिए। मान लीजिए, मुंबई इंडियंस ने 5 इंटरनेशनल खिलाड़ी रिटेन किए तो टीम अब किसी अनकैप्ड प्लेयर को ही छठे खिलाड़ी के रूप में रिटेन कर सकेगी।

# 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खेली जाएगी बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज

## ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शुरू की तैयारियां, भारत से घरेलू सरजमीं पर बदला लेने को बेताब

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर खेले जाने वाली इस सीरीज में पहली बार पांच टेस्ट मुकाबले खेले जाएंगे। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए यह सीरीज काफी अहम है, क्योंकि पिछली दो सीरीज में भारत ने कंगारू टीम को उसी के घर में हराया। यह दर्द अभी तक ऑस्ट्रेलियाई टीम के जेहन में है और वो हर हाल में इस बार भारतीय टीम को शिकस्त देकर सीरीज जीतना चाहती है। इस सीरीज की शुरुआत में भले ही अभी तीन महीने का समय है लेकिन कंगारू टीम ने तैयारी शुरू कर दी है। बता दें पहली बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज 1996 में भारतीय सरजमीं पर खेली गई थी।



### ज्यादा से ज्यादा ऑलराउंडर टीम में करेगा शामिल

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत के खिलाफ रणनीति बनानी भी शुरू कर दी है। इसके तहत, वह अंतिम एकादश में ज्यादा से ज्यादा ऑलराउंडर शामिल करेगा। मीडियम पेसर ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिचेल मार्श अहम साबित हो सकते हैं। कमिंस ने कहा, ग्रीन और मार्श के शामिल होने से हमारी गेंदबाजी को काफी मजबूत मिलेगी। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलन बॉर्डर के नाम पर यह सीरीज खेली जाती है। 2014-15 में भारतीय टीम ने आखिरी बार सीरीज हारी थी। उसके बाद खेली गई सभी चार सीरीज में टीम इंडिया ने जीत हासिल की है। जिम में ट्रेनिंग करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस।

### सीरीज से पहले बहुत कम मैच खेलेंगे

भारतीय टीम के साथ सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड में एक मैच खेल सकते हैं, ताकि उन्हें मैच अभ्यास मिल सके। इसके अलावा, वह पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे। कमिंस ने कहा, फिलहाल मेरी प्राथमिकता जिम में कड़ी मेहनत करने पर है। मैं पिछले दो साल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं और मुझे खुद को सीरीज के लिए तरोताजा रखना है। यह टेस्ट सीरीज हमारे लिए काफी अहम है क्योंकि पिछली दो घरेलू सीरीज में हमें भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

### भारत के खिलाफ लकी साबित हुए हैं कमिंस

यदि पैट कमिंस की कप्तानी पर बात करें तो भारत के खिलाफ वह हमेशा ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए लकी साबित हुए हैं। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को हराकर चैंपियन बनीं थी। इससे पहले, कमिंस की कमान में ही ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।

### फिटनेस हासिल करने में जुटे कप्तान कमिंस

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए अभी से फिटनेस हासिल करने में जुट गए हैं। पिछले दो साल से लगातार क्रिकेट खेल रहे पैट कमिंस को ऑस्ट्रेलियाई कोचिंग स्टाफ ने दो महीने गेंदबाजी से ब्रेक लेने की सलाह दी है, ताकि वह खुद को तरोताजा रख सकें। 31 वर्षीय कमिंस अक्टूबर में गेंदबाजी करने की योजना बना रहे हैं।

## पारस म्हाम्ब्रे मुंबई इंडियंस से जुड़े, पहले भी कोचिंग स्टॉफ का हिस्सा रह चुके, मलिंगा के साथ काम करेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सीजन के लिए मुंबई इंडियन के साथ जु? गए हैं। वे साल 2008 में भी स्त्र्ड के कोचिंग स्टॉफ का हिस्सा रह चुके हैं। म्हाम्ब्रे हेड कोच महेला जयवर्धने के नेतृत्व में मौजूदा बॉलिंग कोच लसिथ मलिंगा के साथ काम करेंगे। वे इस साल के अंत में होने जा रहे मेगा ऑक्शन में भी मौजूद रहेंगे। फ्रेंचाइजी ने अनाउंसमेंट किया। पारस इसी साल टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के बॉलिंग कोच थे। राहुल द्रविड़ और विक्रम राठौर राजस्थान के कोच पिछले महीने राहुल द्रविड़ और विक्रम राठौर राजस्थान रॉयल्स के साथ जुड़ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने 20 सितंबर को दोनों भारतीय कोच को अपने साथ जोड़ने ऐलान किया था।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में आते ही रोहित बोले-

# टॉस जीतकर पहले बैटिंग करना गलत फैसला



**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद जैसे ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए मजाकिया अंदाज में मीडिया से बोले- चलाओ तलवार। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारत 46 रन पर ऑलआउट हो गया। रोहित ने मैच के बाद कहा- टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला गलत था। मैं इससे निराश हूं। इसी के मद्देनजर रोहित ने चलाओ तलवार जैसा मजाक किया। रोहित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आप देखते हैं, कोशिश करते हैं और फैसला करते हैं। कई बार आप सही फैसला करते हैं, कई बार आप ऐसा नहीं करते हैं और इस बार मैंने गलत फैसला कर लिया था। मैं खुद से निराश हूं क्योंकि बैटिंग करना मेरा फैसला था, लेकिन देखिए एक टीम के तौर पर मुझे लगता है यही चुनौतियां हैं। दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश की वजह से रद्द हो गया था। दूसरे दिन भारतीय कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। रोहित ने तीन स्पिनर्स और दो तेज गेंदबाजों को खिलाया। भारतीय टीम पहले बैटिंग करते हुए 46 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। पिच का गलत आकलन किया रोहित ने कहा- मुझसे पिच को समझने में भी गलती हुई। तीन स्पिनर्स को प्लेइंग-11 में शामिल करने का कारण पिच थी जिसे मैं सही से समझ नहीं पाया। उन्होंने कहा, %हमें लगा कि पिच पर ज्यादा घास नहीं है। हमने सोचा कि मैच के पहले सेशन में यहां जो होना होगा, हो जाएगा। इसके बाद जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा, पिच पर टर्न मिलने लगेगा। जब भी हम भारत में खेलते हैं, तो पहला सेशन हमेशा ही मुश्किल होता है। इसके बाद विकेट नॉर्मल हो जाती है और यहां स्पिनर्स को मदद मिलने लगती है। इसलिए लगा कुलदीप को शामिल करना होगा क्योंकि वे फ्लैट विकेट पर गेंदबाजी करते हैं और विकेट लेते हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



## अपने आप में एक्टिंग स्कूल हैं अभिनेत्री शबाना आजमी

शबाना आजमी हिंदी फिल्मों के इतिहास में एक बड़ा नाम हैं। उन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में की हैं। साल 1974 में रिलीज हुई फिल्म अंकुर से अपने करियर की शुरुआत करने वाली शबाना, मशहूर शायर कैफी आजमी की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं, जिस वजह से उन्होंने कई बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता है। वह 1983 से 1985 तक तीन साल तक लगातार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त करने वाली अभिनेत्री बनीं। बीते शुक्रवार को प्रतिष्ठित मामी मुंबई फिल्म महोत्सव में उनके 50 साल के करियर को मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित एक्सीलेंस सिनेमा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का एलान किया गया है। इस मौके पर चलिए जानते हैं उनकी 10 बेहतरीन फिल्मों के बारे में। श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित फिल्म अंकुर उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म में उन्होंने लक्ष्मी का किरदार निभाया है, जो एक गरीब महिला है, जिसकी शादी एक मूक-बधिर मजदूर से हो जाती है। इस फिल्म में उनके शानदार अभिनय और विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की पीड़ा को चित्रित करने की उनकी अभिनय क्षमता की वजह से उन्हें काफी तारीफें मिलीं। इस फिल्म ने उन्हें अपने करियर का पहला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाया। साल 1977 में रिलीज हुई फिल्म शतरंज के खिलाड़ी उनकी एक और ऐसी फिल्म है, जिसे दर्शकों से काफी सराहना मिली थी। फिल्म इस नाम से ही मुंशी प्रेमचंद की लिखी कहानी पर आधारित है। इसकी कहानी दोनों शतरंज खेलने वाले खिलाड़ियों पर आधारित है, जो खेल में इतने व्यस्त रहते हैं कि उन्हें अपने शासन तथा परिवार की भी फिक्र नहीं रहती। फिल्म को तीन फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे। साल 1980 में रिलीज हुई फिल्म स्पर्श भी शबाना आजमी की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का निर्देशन सई परांजपे ने किया है। फिल्म में शबाना आजमी और नसीरुद्दीन शाह ने दृष्टिहीन प्रिंसिपल और शिक्षिका का किरदार निभाया है, जो अंधे लोगों की स्कूल में पढ़ाते हैं। फिल्म की कहानी और अभिनय काफी सूक्ष्म और मार्मिक लगती है, जो अंधे और देख सकने वाली दुनिया के बीच भावनात्मक और धारणाओं के अंतर को उजागर करती है। फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है।

## 'पठान' और 'जवान' के बाद अब 'किलर' बनने जा रहे शाहरुख खान!



बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान ने पिछले साल 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' जैसी लगातार हिट फिल्में दी। इन फिल्मों ने सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और सराहना प्राप्त की। अभिनेता हमेशा अपने अभिनय और फिल्मों के चयन से दर्शकों और प्रशंसकों को चौंका देते हैं। वह हमेशा नयेपन की तलाश में रहते हैं। शाहरुख खान ने वादा किया है कि वे अपने परियोजनाओं के चयन से अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित करेंगे। फिलहाल वह सुजॉय घोष की किंग पर काम कर रहे हैं। हाल ही में अभिनेता ने बताया कि वह किस तरह की भूमिकाएं निभाना पसंद करेंगे। लोकार्नो मीट्स पॉडकास्ट पर शाहरुख खान ने अभिनय के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा की और कहा कि उनका काम दर्शकों को किरदार पर विश्वास दिलाना है, ना कि खुद उस पर विश्वास करना। अभिनेता ने बातचीत के दौरान इस बात पर जोर दिया कि भावनात्मक दृश्य करने के बाद वह कई दिनों तक उस पर ध्यान नहीं देते हैं। इसके बजाय, वह इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि क्या उन्होंने भावनाओं को सफलतापूर्वक व्यक्त किया है और दर्शकों को इससे जोड़ा है। शाहरुख ने अलग- अलग तरह की भूमिकाएं और चरित्र निभाने की इच्छा जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि वह स्टीरियोटाइप तक सीमित महसूस नहीं करते हैं। वह नायकों को बड़े पैमाने पर चित्रित करना पसंद करते हैं, लेकिन अपने अभिनय में नए रास्ते तलाशने के लिए उत्सुक हैं।

## कंगना रनोट की इमरजेंसी को सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट मिला, एक मिनट का कट लगा



कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी को सेंसर बोर्ड की तरफ से हरी झंडी मिल गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में एक मिनट का कट लगाया गया है। फिल्म अब रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही कंगना रनोट की तरफ से रिलीज डेट ऑफिशियल की जाएगी। फिल्म को लेकर सिख संगठनों ने आपत्ति जताई थी, जिसके कारण सर्टिफिकेट रोक दिया था। कंगना ने इस मामले पर रोष भी व्यक्त किया था।

इस फिल्म के कई सीन पर आपत्ति जताई थी। इस फिल्म से 3 सीन डिलीट करने के निर्देश दिए थे। सख्त हिदायत भी दी थी कि फिल्म को रिलीज करने से पहले इसमें 10 बदलाव किए जाएं। फिल्म के सर्टिफिकेशन में देखा जा सकता है कि इसके पिछले 147 मिनट के रन-टाइम को घटाकर 146 मिनट कर दिया गया है। इससे मालूम पड़ता है कि फिल्म में 1 मिनट की कटौती की गई है। कंगना बोलीं- फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट जल्द करेंगे फिल्म को सेंसर बोर्ड की तरफ से हरी झंडी मिलने पर कंगना ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर कर लिखा है- हमें यह अनाउंस करते हुए खुशी हो रही है कि हमें अपनी फिल्म इमरजेंसी के लिए सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे। आपके धैर्य और सपोर्ट के लिए शुक्रिया। इमरजेंसी में दिखाए गए विवादित बयानों पर सेंसर बोर्ड ने फैक्ट्स दिखाने को कहा था। मेकर्स को इस फिल्म में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड मिल्हौस निक्सन द्वारा भारतीय महिलाओं के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के भारतीयों को खरगोशों की तरह प्रजनन करने वाले बयानों के सोर्स पेश करने होंगे। सेंसर बोर्ड ने मणिकर्णिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड को 10 बदलावों की लिस्ट भेजी थी। इनमें अधिकतर दृश्य वे थे, जिन पर सिख संगठनों की तरफ से आपत्ति जताई गई



**मेट्रो बाजार**

## अब आभूषण बनाने से पहले गोल्ड हॉलमार्किंग होगी अनिवार्य



**नईदिल्ली, एजेंसी**

आने वाले दिनों में त्योहारों और शादियों के सीजन को देखते हुए सोना और महंगा हो सकता है और 80,000 के पार जा सकता है। इस बीच केंद्र सरकार नए साल से आभूषणों निर्माण में उपयोग किए जाने वाले गोल्ड बुलियन पर भी हॉलमार्किंग अनिवार्य करने जा रही है। इसे चरणबद्ध तरीके से देशभर में लागू किया जाएगा। इस मामले से जुड़े सभी हितधारकों ने इस प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। जल्द नियम तय होंगे-गोल्ड बुलियन पर हॉलमार्किंग को लेकर बनी समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। साल अंत तक सभी प्रक्रियाएं पूरी होने की उम्मीद है। हॉलमार्क वाले बुलियन से आभूषणों की शुद्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। आभूषण बनने के बाद उसकी गुणवत्ता जान सकेंगे। भारतीय मानक ब्यूरो ने 14 कैरेट, 18, 22, 23 कैरेट और 24 कैरेट से बने आभूषणों और कलाकृतियों पर हॉलमार्किंग को अनिवार्य किया है। ज्वैलर्स की लगातार खरीदारी से बुधवार को नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 78,900 रुपए के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। इंदौर में भाव 78,750 और भोपाल में 78,900 रुपए रहा। 22 कैरेट जेवराती सोना भी प्रति 10 ग्राम करीब 74,600 रुपए में यहां बिक रहा है। एमसीएक्स पर वायदा सोना 76,864 रुपए के ऑल-टाइम हाई पर है। वहीं आइबीजेए के मुताबिक, देशभर में सोने का औसत भाव बुधवार को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 76,553 रुपए पर है।

## देश का निर्यात बढ़ा, भारत-कनाडा तनाव का व्यापार पर असर नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

भारत से वस्तुओं का निर्यात सितंबर में 0.5त्न बढ़कर 34.58 अरब डॉलर हो गया, साथ ही आयात 1.6 फीसदी बढ़कर 55.36 अरब डॉलर रहा, जिससे सितंबर में देश का कुल व्यापार घाटा 20.8 अरब डॉलर रहा, जो अगस्त में 10 माह के उच्चतम स्तर 29.65 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। भारत के वस्तु निर्यात में अगस्त में सालाना आधार पर 9.3 फीसदी और जुलाई में 1.2 फीसदी की गिरावट आई थी।



सितंबर में मर्चेंडाइज और सर्विसेज एक्सपोर्ट पॉजिटिव रहा और यह ग्लोबल एवरेज से बेहतर है। भारत से इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स के अलावा प्लास्टिक, एल्यूमीनियम, दवाइयां और रेडीमेड कपड़े का निर्यात बढ़ा है। विशेषज्ञों का कहना है कि देश के व्यापार पर कनाडा से जारी तनाव का असर नहीं पड़ेगा।

# भाई को कॉल कर बावड़िया ब्रिज से कूदा युवक, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बावड़िया ब्रीज से बीती रात करीब डेढ बजे एक युवक ने छलांग लगा दी। ब्रीज से छलांग लगाने से पूर्व उसने अपने भाई को कॉल कर बताया था कि वह ब्रीज से कूदकर आत्महत्या कर रहा है। भाई जब तक ब्रीज पर पहुंचता वह कूद चुका था। गंभीर रूप से घायल होने पर भाई उसे एम्स लेकर पहुंचा था, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस परिजन से पूछताछ कर रही है। परिजन और दोस्तों से पूछताछ के बाद आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस के अनुसार अनिल गोलिया पिता महेंद्र गोलिया (19) ईश्वर नगर में रहता था। वह ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर चुका था। इन दिनों वह चार्टेड अकाउंटेंट, सीए की पढाई कर रहा था। गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात करीब डेढ बजे उसने अपने भाई को कॉल किया और बताया कि वह बावडिया ब्रीज पर खडा है। इसके बाद कहने लगा कि वह ब्रीज से नीचे कूदकर जान दे रहा है। भाई ने उसे मोबाइल पर समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। उसने मोबाइल डिस्कनेक्ट कर दिया। इसके बाद कॉल अटैंड नहीं किया। बार बार कॉल करने के बाद भी जब अनिल ने कॉल रीसिव नहीं किया तो भाई उसे देखने ब्रीज पर पहुंचा।

# पीएचक्यू में सुरक्षाकर्मियों को दिया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा लगातार पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी तारतम्य में गुरुवार सुबह पुलिस मुख्यालय के भूतल पर सुरक्षाकर्मियों को स्वयं को सुरक्षित रखते हुए आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। अग्नि नियंत्रण संबंधी प्रशिक्षण में आधुनिक उपकरणों द्वारा आग बुझाने की मॉकड्रिल भी की गई। मॉकड्रिल के दौरान तरल पदार्थों में लगी आग को पुलिस के जवानों ने अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग से किस तरह से बुझाई जा सकती है, इसका प्रशिक्षण प्राप्त किया. सुरक्षाकर्मियों ने बिल्डिंगों, घरों, गोदामों आदि में लगी आग को धुएं और लपटों से बचकर बुझाने का प्रशिक्षण लिया।

मॉकड्रिल में प्रमुख रूप से डीएसपी सुरक्षा पुलिस मुख्यालय नदीम उल्लाह खान, पुलिस मुख्यालय के सुरक्षा इंचार्ज मुकेश सैनी, निरीक्षक मोहनलाल मेहरा और पुलिस फायर स्टेशन मंत्रालय के एसआई रूपचंद पंडित व उनकी टीम उपस्थित थी। उपकरणों का दिया गया प्रशिक्षण मॉकड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आग बुझाने में प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों के संबंध में जानकारी दी गई। आग बुझाने के दौरान प्रयोग में आने वाले कलेक्टिंग ब्रिज, डिवाइडिंग ब्रिज, फायर मेन हेलमेट, फोम नोजल, अग्निशमन सिलेंडर एवं कॉर्टेज, टॉर्च, रिवॉल्विंग नोजल, यूनिवर्सल ब्रांच, न्यू लाइट, ऑर्डनरी ब्रांच, एडॉप्टर, अग्निशमन यंत्र आदि की जानकारी दी गई।



**स्वयं को सुरक्षित रखते हुए आग पर काबू पाने की ली ट्रेनिंग**

### 5 तरह का होता है आग प्रशिक्षण

पांच तरह की होता है आग प्रशिक्षण के दौरान एसआई रूपचंद पंडित ने बताया कि आग पांच तरह की होती है, जिन्हें बुझाने का तरीका भी अलग-अलग होता है। उन्होंने बताया कि इन्हें ए से ई तक की श्रेणी में रखा गया है। लकड़ी-कोयला में लगी छोटी आग को ए क्लास में रखा गया है। तरल पदार्थों में लगी आग को बी क्लास, गैसों में लगी आग को सी क्लास, मेटल में लगी आग को डी क्लास और इलेक्ट्रिक आग को ई क्लास की श्रेणी में रखा गया है। इन सभी आग को पानी या कैमिकल की मदद से बुझाया जाता है। एल्यूमीनियम सूट पहनकर 4 मिनट के भीतर किस तरह अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं, इसके बारे में भी सुरक्षाकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रकार बरतें सावधानी आग लगने पर फायर ब्रिगेड, पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस थाना, विद्युत विभाग कार्यालय एवं चिकित्सालय को सूचना देनी चाहिए।

## हिंदू संगठन का हंगामा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# नाबालिग को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गांधी नगर थाना क्षेत्र में 17 साल की नबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। नाबालिग का आरोप है कि आरोपी ने उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म किया है। इसके अलावा ब्लैकमेल कर पैसों की मांग भी कर रहा था। कई बार वह उससे मोबाइल भी रिचार्ज करवा चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करते हुए उसे गिरफतार कर लिया है। इधर नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हिंदू संगठन ने हंगामा कर दिया। हिंदू संगठन ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार 17 साल की नाबालिग इलाके में रहती हैं।



इसी इलाके में अल्तमस नाम का युवक रहता है। अल्तमस नाबालिग को पहचानता है और उसका पीछा करता था। गत दिनों उसने नाबालिग को धमकी देनी शुरू कर दी कि उसके पास उसका कोई अश्लील वीडियो है और उसे वायरल कर देगा। वीडियो वायरल करने की धमकी से वह डर गई थी।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने गत फरवरी 2024 में उसे मिलने बुलाया और उससे जबरन दुष्कर्म किया। परिजन को घटना की जानकारी मिली और डर के कारण उन्होंने बेटी को गुजरात भेज दिया था। गुजरात भेजने के बाद भी आरोपी, नाबालिग से मोबाइल पर संपर्ककरता रहा और ब्लैकमेल करते हुए उससे मोबाइल रिचार्ज कराता रहा। अभी दो महीने पहले ही पीड़िता गुजरात से भोपाल आई और हिम्मत जुटाकर पुलिस को शिकायत की। नाबालिग का आरोप है कि अल्तमस के पास उसका ही वीडियो नहीं, बल्कि अन्य लड़कियों के भी वीडियो हैं।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण

पिपलानी पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने शादी करने से इंकार किया तो पीडिता ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 29 वर्षीय युवती इवेंट से जुडे काम करती है। इसी दौरान उसकी मुलाकात सतीश नामक युवक से हुई थी। वह इवेंट का ही काम करता है। दोनों के बीच दोस्ती गहरी हुई तो सतीश ने युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने लगा। पिछले दिनों युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। इधर अशोका गार्डन पुलिस ने 36 साल की महिला की शिकायत पर परिचित के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 36 साल की महिला इलाके में रहती है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी जुबेर अली से उसकी काफी लंबे समय से पहचान है। 2022 में उसने अस्सी फीट रोड पर उसे मिलने के लिए बुलाया था। वहां उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर उसका दैहिक शोषण करना शुरू कर दिया। गत दिनों पीडिता ने उस पर शादी का दबाव बनाया तो वह भडक गया और शादी करने से मना कर दिया।

# पांच लाख का लोन दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

▶▶ रिमांड पर लेकर की जा रही पूछताछ, अन्य लोगों के साथ भी की है वारदात



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हबीबगंज थाना क्षेत्र में एक महिला को पांच लाख रुपए का लोन दिलाने का झांसा देकर 25 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। दरअसल, आरोपी के मोबाइल का डेटा चेक करने पर पता चला कि इस तरह की ठगी की वारदात उसने अन्य लोगों के साथ भी की है।

जानकारी के अनुसार दुर्गा नगर बस्ती, शिवाजी नगर निवासी ममता वानखेडे कांग्रेस कार्यालय के पास पान मसाला की दुकान का संचालन करती हैं। उनकी दुकान पर धर्मेंद्र शर्मा उर्फ मयंक जोशी नामक युवक का आना-जाना था। धर्मेंद्र ने ममता को बताया कि वह एसबीआई से उनको पांच लाख रुपए का लोन दिलवा देगा। लोन मिलने से दुकान में सामान बढाकर ठीक से व्यवसाय चलेगा। ममता आरोपी की बातों में आ गई और 21 सितंबर को उसे लोन की फीस के नाम पर 15 हजार रुपए दे दिए। दो दिन बाद उसने कहा कि दोपहर 12 बजे तक 5 लाख रुपए आपके खाते में आ जाएंगे, लेकिन गुमास्ता नहीं होने के कारण 10 हजार रुपए बैंक मैनेजर को अतिरिक्त देने पढेगे। महिला ने दस हजार रुपए और दे दिए। रुपए लेने के बाद मयंक जोशी ने कॉल अटैंड करना बंद कर दिया। परेशान होकर महिला ने अधिकारियों से मामले की शिकायत की, जिसके बाद हबीबगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया था।

### घर से पकडाया आरोपी

पुलिस ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई और उसे उसके घर से दबोच लिया। आरोपी मयंक जोशी (30) निवासी पल्लवी नगर, बावड़िया कला ने ममता से लोन के नाम पर पच्चीस हजार रुपए लेकर ठगी करने की बात स्वीकार ली। उसके मोबाइल की जांच की तो पता चला कि उसने अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह से ठगी की है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित विध्या नगर झुग्गी में गुरुवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज उसका शव पीएम के बाद परिजन को सौंपा जाएगा। पुलिस आज उसके परिजन के बयान दर्ज करेगी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था। गुरुवार को भी उसने शराब के नशे में फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार आकाश पिता संतोष (22) विध्या नगर, झुग्गी में रहता था और मजदूरी करता था। वह शराब पीने का आदी था। गुरुवार दोपहर वह काम पर नहीं गया था।

# ट्रैक्टर पर बैठे-बैठे ड्राइवर की मौत

▶▶ 11 मील पर सड़क किनारे भंवर कबाड़ी की दुकान के पास ट्रैक्टर सीट पर मिली लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित 11 मील बायपास पर भंवर कबाड़ी की दुकान के पास पुलिया किनारे खडे ट्रैक्टर पर ड्राइवर की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक अशोका गार्डन का रहने वाला है और सरिया छोड़ने औबेदुल्लागंज गया था। वहां से लौटते समय 11 मील बायपास पर उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। गुरुवार दोपहर सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी है। पुलिस के अनुसार राकेश लोधी पिता ओमकार लोधी



(28) सेमरा, अशोका गार्डन में रहता था और ट्रैक्टर चलाता था। बुधवार सुबह वह अशोका गार्डन से सरिया लेकर औबेदुल्लागंज पहुंचा। वहां सरिया खाली करने के बाद खाली ट्रैक्टर लेकर भोपाल लौट रहा था। उसने मालिक को बताया था कि वह ग्यारह मील बायपास तक पहुंच गया है। उसने यह भी बताया था कि शराब पी रखी है और नशे ज्यादा हो गए है। मालिक ने उसे कहा था कि ट्रैक्टर साइड में खड़ा कर लो। नशे कम होने के बाद ट्रैक्टर लेकर निकल जाना।

### रात से दोपहर तक पड़ी रही लाश

गुरुवार दोपहर सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो राकेश लोधी की लाश टैक्टर सीट पर बैठी हुई अवस्था में पड़ी थी और वह सीट की दूसरी तरफ झुका हुआ था।

## युवती से युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 18 वर्षीय युवती घरों में काम करती है। मोहल्ले में रहने वाले बाबू नामक युवक से उसकी पहचान थी। मोहल्ले में रहने के कारण दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते थे। युवती उसे दोस्त मानती थी, लेकिन एक दिन बाबू ने उसके सामने प्रेम का इजहार करते हुए शादी करने का दबाव डालने लगा। इस पर युवती ने उससे किनारा करते हुए बातचीत करना बंद कर दिया। यह बाद बाबू को नागवार गुजरी और उसने 12 अक्टूबर को सरेराह युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी। युवती ने उस दिन शिकायत नहीं की थी।

## 3 साल की बच्ची को बेड टच करने वाला कोर्ट में पेश

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में साढे तीन साल की बच्ची से अश्लील हकरत (बेड) टच करने वाले 19 साल के आरोपी सोहेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में आरोपी को पेश किया, वहां से जेल भेज दिया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि वह निजी कॉलेज से बीकॉम की पढाई कर रहा है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि केवल एक बार ही उसने बच्ची के साथ बेड टच किया है। इससे पूर्व उसने ऐसी कभी हरकत नहीं है।


## सूचना व ईनाम



बीते कुछ दिनों से चार इमली क्षेत्र से पालतू डॉग **'डेबू'** लापता है,इसका रंग हल्का भूरा है। इसका पता बताने या लाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

**रोहन सिरोठिया**
6/8 चार इमली भोपाल
फोन नं 9111113207







**मेट्रो एंकर** — सिर का पता नहीं, घटनास्थल पर मिले मोबाइल से हुई थी पहचान

# एम्स के आउटसोर्स कर्मचारी की रेलवे ट्रैक किनारे मिली लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रानी कमला पति रेलवे स्टेशन के आउटर पर खंभा नंबर 829/19 के पास बागसेवनिया पुलिस ने बुधवार दोपहर एम्स के आउटसोर्स कर्मचारी की लाश बरामद की थी। लाश रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर बगल में झाड़ियों के पास पड़ी थी। अनुमान है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है, लेकिन उसका सिर अब तक बरामद नहीं हो सका। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।



घटनास्थल पर मिले मोबाइल से मृतक की पहचान करने के बाद पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। बागसेवनिया पुलिस ने बताया कि दीपक महोबे पिता शिवनारायण (27) मूलतः बोरधई, तहसील मुलताई, जिला बैतूल का था। दीपक एम्स में आउटसोर्स में डेढ साल से नौकरी कर रहा था और एनटू सेक्टर गोविंदपुरा में अपने मामा सुरेश बिझाडे के साथ रह रहा था। सुरेश बिझाडे ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात वह अपनी ड्यूटी से घर लौटे और आठ बजे खाना खाने के बाद सो गए। घर की दो चाबी है। दीपक कब घर आया और निकल गया उन्हें पता नहीं है।

### रात में पुलिस ने की सर्चिंग

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात लोको पायलेट ने रेलवे कंट्रोल रूम पर सूचना दी कि रानी कमला पति रेलवे स्टेशन के आउटर के पास कोई व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। कंट्रोल रूम से मिली सूचना के बाद बागसेवनिया पुलिस ने तडके साढे तीन बजे सर्चिंग की। जिस खंभा नंबर के पास घटना की जानकारी मिली, वहां पुलिस को लाश नहीं मिली। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे पुलिस को दौबारा सूचना मिली कि खंभा नंबर 829/19 के पास से लाश पडी है। पुलिस का कहना है कि कंट्रोल रूम से जो खंभा नंबर बताया गया था। वहां से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर लाश मिली थी। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल मिला था। मोबाइल से दोस्त से संपर्क किया गया और दीपक की पहचान कर ली गई। ट्रेन की चपेट में आने से दीपक का सिर गर्दन से अलग हो चुका है। सिर की तलाश की गई, पर नहीं मिला।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022